www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/
bharatsamvad.in

www.youtube.com/
@BharatSamvad-m3n

E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 101.755g

चांदी 110,000kg

2 जब भाषा बन जाए आत्मसम्मान का सवाल, गृहमंत्री का संकेत और हमारी जिम्मेदारी

पाकिस्तान में क्रिप्टो बिजनेस की कमान संभालेंगे आर्मी चीफ मुनीर 04

वर्ष :09 | अंक :02 | मुंबई, सोमवार 23 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में अनेक जगह मूसलाधार बारिश

दक्षिण पश्चिम मानसून के असर से राजस्थान में बारिश का दौर जारी है और बीते चौबीस घंटे में अनेक जगह भारी से अति भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक लगभग 180 मिलीमीटर बारिश माउंट आबू तहसील में हुई। राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहने का अनुमान है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के चौबीस घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान में अधिकांश जगहों पर बारिश हुई वहीं कई जगह भारी से अति भारी बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में भी बारिश हुई। इस दौरान माउंट आबू में 181.4 मिलीमीटर, भीलवाड़ा में 175 मिलीमीटर, कोटा में 44.9 मिलीमीटर, चित्तौड़गढ़ में 27 मिमी., जयपुर में 20.8 मिमी. व सीकर में 13 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने तथा भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग के कुछ भागों में 22-24 जून को कहीं भारी/अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

### मैनपुरी में बीएससी की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

मैनपुरी जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में बीएससी (विज्ञान स्नातक) की एक छात्रा ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) फतेह बहादुर सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गांव नगला दौलत की निवासी बीएससी की छात्रा अंजलि (23) ने शनिवार रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिवार के लोगों ने उसकी आत्महत्या का कारण नहीं बताया और आत्महत्या के कारणों के बारे में अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि मामले में छानबीन की जा रही है।

# हथियार डाल दो, नहीं तो बारिश में भी सोने नहीं देंगे, शाह की नक्सलियों को चेतावनी

**नक्सलियों को चेतावनी**

▸▸गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल ऑपरेशन को तेज गति से शुरू किया।

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और एक केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की आधारशिला रखी। शाह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जिसके दौरान वह एक सुरक्षा शिविर का दौरा करेंगे और चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों पर बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और मंत्री भी थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज इसे आधुनिक बनाने के लिए 3 नई पहल की जा रही हैं। एक- आज नवा रायपुर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के परिसर की आधारशिला रखी गई। दो- आज नवा रायपुर में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की भी नींव रखी गई। तीन, जब तक विश्वविद्यालय का नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक इसके स्थायी परिसर की भी आज शुरूआत हो गई है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद निवेश शिखर सम्मेलन हुआ, जिसमें 5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। छत्तीसगढ़ में कई उद्योग आ रहे हैं। मैं यहां छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्पष्ट कहने आया हूं। जब तक युवा स्वयं उद्योगपति नहीं बनेंगे, तब तक छत्तीसगढ़ का निवेश औद्योगिक क्रांति का कारण नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि वह नक्सलवाद की राह पर चले गए भटके युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं।

## रायपुर में एएफएसयू कैंपस का किया शिलान्यास



### शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का किया अनुरोध

**बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।**

> गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल ऑपरेशन को तेज गति से शुरू किया। मैंने देखा है कि सरकार बनने के बाद से इस सरकार ने न सिर्फ नक्सल विरोधी अभियान को तेज किया है बल्कि समय-समय पर इसका मार्गदर्शन भी किया है।

# अमेरिका ने ईरान के एटमी ठिकानों पर किया हमला

**भेजे 125 जेट, इनमें 7 बी-2 बॉम्बर; 3 न्यूक्लियर साइट्स पर 14,000 किलो के दर्जनभर बम गिराए**

> ट्रम्प बोले- ईरान के न्यूक्लियर साइट्स तबाह किए इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स यानी कि पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है।



एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव, अमेरिका ने ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे। इस ऑपरेशन में 7 इ-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर 13,608 किलो वजनी बस्टर बम गिराए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को काफी पीछे कर दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प अब एक कूटनीतिक रास्ता तलाश रहे हैं। वेंस ने कहा- हम अब इसे लंबा खींचना नहीं चाहते हैं। न ही इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह से खत्म करना चाहते हैं। ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। प्रेसीडेंट ऑफिस के मुताबिक मैक्रों ने इस मुद्दे पर सऊदी अरब और ओमान के नेताओं से बात की है और अब यूरोपीय नेताओं से भी चर्चा करेंगे। फ्रांस ने साफ किया है कि उसने अमेरिकी हमलों में हिस्सा नहीं लिया। फ्रांसीसी विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने ईरान पर हमले को लेकर चिंता जताई और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की।

### अमेरिकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से की बात, बढ़ते तनाव पर जताई चिंता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से बातचीत की तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव को संवाद और कूटनीति के माध्यम से घटाने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान के बीच फोन पर यह बातचीत अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी किए जाने के कुछ ही घंटे बाद हुई। इस बमबारी से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया। पीएम मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जतायी। मोदी ने कहा, ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात की।

## ईसीआई का बड़ा कदम: मीडिया के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी

**चुनाव आयोग पहली बार केंद्रीय स्तर पर राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला आयोजित करेगा**




एजेंसी

नई दिल्ली: भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) मीडिया के सहयोग से मतदाता पहुंच बढ़ाने के लिए पहली बार केंद्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला आयोजित करेगा. 7 जुलाई को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में यह कार्यशाला होने की संभावना है. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस बाबत पत्र भेजा है. क्या लिखा पत्र में: ईसीआई ने पत्र में लिखा है, दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में 7 जुलाई को एक राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला आयोजित की जा सकती है. कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्रीय मीडिया के साथ आयोग के जुड़ाव को मजबूत करना तथा चुनावी जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एक मजबूत संचार नेटवर्क विकसित करना है. कौन-कौन लेंगे कार्यशाला में भाग: पत्र के अनुसार, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 10 प्रमुख क्षेत्रीय मीडियाकर्मी कार्यशाला में भाग लेंगे. इसके अलावा सीईओ कार्यालय के अधिकारी जो सीधे मीडिया और संचार कार्य से जुड़े हैं।

**कार्यशाला का उद्देश्य:**

- कार्यशाला का व्यापक उद्देश्य रणनीतिक मीडिया सहयोग के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाना, क्षेत्रीय मीडिया पेशेवरों के साथ संपर्क को मजबूत करना और ईसीआई संचार की पहुंच को अधिकतम करने के लिए संचार नेटवर्क विकसित करना है.
- चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया, कार्यशाला का उद्देश्य मीडियाकर्मियों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना है. इससे उन्हें अपना ज्ञान बढ़ाने में मदद मिलेगी. इससे उन्हें सटीकता बनाए रखते हुए अपनी रिपोर्टिंग में मदद मिलेगी.
- बीएलओ का किया गया प्रशिक्षित: बता दें कि ईसीआई ने लोगों को बेहतर सेवा प्रदान करके चुनावी प्रक्रिया की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से डीईओ, ईआरओ और बीएलओ सहित 3,000 से अधिक चुनाव पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया है.

## एअर इंडिया ने सिंगापुर की दो फ्लाइट सस्पेंड की

**19 घरेलू रूट पर फ्लाइट्स की संख्या घटाई; 15 जुलाई तक रहेगा बदलाव**

एजेंसी

नई दिल्ली, एअर इंडिया ने तीन फ्लाइट्स को 15 जुलाई तक अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया है। इसमें दो इंटरनेशनल फ्लाइट बेंगलुरू से सिंगापुर, पुणे से सिंगापुर की हैं। वहीं एक डोमेस्टिक फ्लाइट है, जो मुंबई से बागडोगरा चलती है। एयरलाइन ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि, वे 19 रूट पर चलने वाली डोमेस्टिक फ्लाइट्स की संख्या भी घटा रहे हैं।

# पहलगाम हमला- आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

**एनआईए ने पहलगाम से अरेस्ट किया; आरोपियों ने बताया- आतंकी पाकिस्तानी नागरिक, लश्कर से जुड़े**

### हमले की जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे

**हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने 3 स्केच जारी किए। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई। मूसा और अली पाकिस्तानी हैं। मूसा पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप में कमांडो रह चुका है। इन पर 20-20 लाख रुपए का इनाम भी रखा गया है। फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है कि ठकअ ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने इन्हीं तीन आतंकियों के नाम उजागर किए हैं या किन्हीं और आतंकियों के।**



एजेंसी

श्रीनगर, पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं।

## बढ़ते संघर्ष के बीच कश्मीर के छात्रों सहित 311 भारतीय नागरिक ईरान से सुरक्षित लौटे

> निकाले गए लोगों में कश्मीर के 200 से ज्यादा छात्र शामिल थे, जो ईरान में पढ़ रहे थे और इस क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष में फंस गए थे। उनके वापस आने से उन चिंतित रिश्तेदारों को राहत मिली, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता से भरी रातों की नींद हराम कर रहे थे।



एजेंसी

ईरान में फंसे 300 से ज्यादा भारतीय नागरिकों, खास तौर पर छात्रों को लेकर महान एयर की एक फ़्लाइट रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी, जिससे सैकड़ों परिवारों, खास तौर पर जम्मू-कश्मीर में, के लिए गहन चिंता और भावनात्मक उथल-पुथल का दौर खत्म हो गया। यह घटनाक्रम मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है, जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। निकाले गए लोगों में कश्मीर के 200 से ज्यादा छात्र शामिल थे, जो ईरान में पढ़ रहे थे और इस क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष में फंस गए थे। उनके वापस आने से उन चिंतित रिश्तेदारों को राहत मिली, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता से भरी रातों की नींद हराम कर रहे थे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर अपडेट साझा करते हुए क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के बीच अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने निकाले गए लोगों की तस्वीरों के साथ पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंधु जारी है। 311 भारतीय नागरिक 22 जून को 1630 बजे मशहद से एक विशेष उड़ान से नई दिल्ली पहुंचे।

## ईरान-इजराइल युद्ध: अमेरिकी हमलों के बाद भारत-पाक पर भड़कीं महबूबा मुफ्ती

**जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तान और भारत की आलोचना की है**



एजेंसी

श्रीनगर: संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर रविवार को ईरान पर हवाई हमले किए. इन हमलों के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने युद्ध में पाकिस्तान और भारत की भूमिका को लेकर आलोचना की. उन्होंने ईरान और इराक युद्ध में निष्क्रिय भूमिका के लिए इस्लामिक देशों के संगठन की भी आलोचना की. मुफ्ती ने कहा, जैसी कि उम्मीद था ओआईसी ने एक बार फिर ईरान पर हमले के मद्देनजर अपनी दिखावटी प्रतिक्रिया तक सीमित कर दिया है.

**भड़के** | **ईरान पर यूएस ने बरसाए बम तो पाकिस्तान पर भड़के ओवैसी**

# क्या असीम मुनीर ने इसके लिए ट्रंप के साथ लंच किया था?



> ओवैसी ने कहा कि हमें यह भी याद रखना चाहिए कि खाड़ी और मध्य पूर्व में 16 मिलियन से ज्यादा भारतीय रहते हैं और अगर उस क्षेत्र में युद्ध छिड़ जाता है, जिसकी दुर्भाग्य से बहुत संभावना है, तो इसका वहां रहने वाले भारतीयों पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

एजेंसी

नयी दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले और इजरायल व ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है। ऐसा करके, मुझे यकीन है कि ईरान आने वाले पांच सालों में एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाएगा। हमले से पहले, ईरान ने अपना भंडार स्थानांतरित कर लिया होगा। यह कोई निवारक नहीं होगा। कई अरब देश सोचेंगे कि उन्हें परमाणु क्षमता की आवश्यकता है। ओवैसी ने कहा कि हमें यह भी याद रखना चाहिए कि खाड़ी और मध्य पूर्व में 16 मिलियन से ज्यादा भारतीय रहते हैं और अगर उस क्षेत्र में युद्ध छिड़ जाता है, जिसकी दुर्भाग्य से बहुत संभावना है, तो इसका वहां रहने वाले भारतीयों पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। भारतीय कंपनियों ने इन सभी अरब देशों या खाड़ी देशों में जो निवेश किया है, और विदेशी निवेश का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। और अंत में, ईरान के पास परमाणु हथियार होने के बारे में यह हौवा खड़ा किया गया है, या यह और वह, यही चीज इराक में इस्तेमाल की गई थी, सामूहिक विनाश के हथियार। कुछ नहीं, कुछ भी नहीं निकला। ओवैसी ने कहा कि हमें पाकिस्तानियों से पूछना चाहिए कि क्या वे चाहते हैं कि ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिले। अमेरिका के इस हमले से नेतन्याहू को मदद मिली है, जो फिलिस्तीनियों का कत्लेआम करने वाला है... गाजा में नरसंहार हो रहा है और अमेरिका को इसकी कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या पाकिस्तान के जनरल (सेना प्रमुख असीम मुनीर) ने इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ लंच किया था? आज उन सबका पदार्फाश हो गया है..।

इस बीच असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के पाला बदलने पर कटाक्ष किया है। ओवैसी ने कहा कि हमें पाकिस्तानियों से पूछना चाहिए कि क्या वे चाहते हैं कि ट्रंप को शांति का नोबल पुरस्कार मिलना चाहिए। क्या उनके जनरल (पाकिस्तानी फील्ड मार्शल असीम मुनीर) ने इसके लिए ही व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ लंच किया था। उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने का हौवा खड़ा किया गया है। उन्होंने कहा कि ईराक में भी यही चीज इस्तेमाल की गई, लेकिन कुछ नहीं निकला। लीबिया में भी यही चीज इस्तेमाल की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला।

# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में कई स्तरों पर खामियां हैं : रमेश



> कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि फरीदाबाद ने सिर्फ 26.7 प्रतिशत, नोएडा ने 10 प्रतिशत से भी कम, और यहां तक कि प्रधानमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी भी सिर्फ 48.85 प्रतिशत धन का उपयोग कर पाया, जो कि राष्ट्रीय औसत से काफी कम है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में कई स्तरों पर खामियां हैं और विभिन्न शहरों में इसके तहत आवंटित धन का पूरा उपयोग भी नहीं किया गया। पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम कई स्तरों पर नीतिगत खामियों से ग्रसित है। इसकी सबसे बड़ी कमी यह रही है कि इस कार्यक्रम का फोकस पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोन से छोटे कणों) के बजाय पीएम10 (10 माइक्रोन से छोटे कणों) को मापने और निगरानी तक सीमित कर दिया गया, जबकि हर साल हजारों लोगों की मौत का मुख्य कारण पीएम 2.5 होता है।. उन्होंने कहा कि अब यह भी सामने आ रहा है

कि कार्यक्रम का दायरा सीमित किए जाने के बावजूद धन का उपयोग बेहद निराशाजनक रहा है। रमेश के अनुसार, इस योजना के तहत धन पाने वाले 130 शहरों ने औसतन केवल 70 से 78.5 प्रतिशत तक ही धन का उपयोग किया है।

## सम्पादकीय

# गिरोहबंद कानून या सत्ता का हथियार? यूपी में इंसाफ बनाम दमन की बहस

अदालत ने उत्तर प्रदेश में इस संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी को खारिज करते हुए यूपी गैंगस्टर्स एक्ट जैसे कठोर कानून के नियमित इस्तेमाल को लेकर चेताया है। उत्तर प्रदेश में गिरोहबंद कानून के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज उठने लगी है। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि इस कानून का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों का दमन करने, किसी का उत्पीड़न करने या बदनाम करने के लिए भी किया जाता है। इस संबंध में लोग अदालतों के दरवाजे खटखटाने लगे हैं। बिना किसी उचित प्रक्रिया और पर्याप्त सबूत के, लोगों को जिस तरह गिरफ्तार किया जाता रहा है, उस पर अदालतों ने कई बार चिंता जताई हैदरअसल, इस कानून के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल कई बार पुलिस विवेकपूर्ण तरीके से नहीं करती है। हालांकि, इस तरह के आचरण पर अंकुश के लिए दिशा-निर्देश लागू किए जा चुके हैं। मगर चिंता की बात है कि यह मनमानी थमी नहीं। लिहाजा, शीर्ष न्यायालय को एक बार फिर याद दिलाना पड़ा कि इस कानून को विवेकपूर्ण तरीके से लागू किया जाना चाहिए। अदालत ने उत्तर प्रदेश में इस संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी को खारिज करते हुए ह्य यूपी गैंगस्टर्स एक्ट जैसे कठोर कानून के नियमित इस्तेमाल को लेकर चेताया है। साथ ही यह भी कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी तब और महत्त्वपूर्ण हो जाती है, जब इस तरह के कड़े प्रावधान वाले असाधारण कानून को अमल में लाया जाता है। यह चिंता की बात है कि राज्य को दी गई इस शक्ति का इस्तेमाल संगठित गिरोहों के अलावा साधारण अपराध से जुड़े मामलों या राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को परेशान करने के लिए भी होने लगा है। इसीलिए शीर्ष न्यायालय ने फिर स्पष्ट कर दिया है कि इस कानून को धमकी के साधन के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता, खासकर उस समय जब राजनीतिक मंशा काम कर रही हो। उत्तर प्रदेश में कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सख्ती के बाद इस कानून के दुरुपयोग के लिए राज्य की ओर से नए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। सवाल है कि अगर किसी के खिलाफ संगठित अपराध से जुड़े होने का सबूत नहीं है, तो उसे गिरोहबाज कैसे कहा जा सकता है? ऐसे में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना क्या अन्याय नहीं? शीर्ष अदालत की चेतावनी को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## आज का विचार

जिंदगी एक बार मिलती है
यह बात बिल्कुल गलत है
मौत एक बार मिलती है
जिंदगी हर रोज मिलती है

भारत संवाद




**मेष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. आज किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं. वाहन का उपयोग संभलकर करें. दोस्तों से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा. बिजनेस में फायदा होगा. परिवार के साथ संबंध मिले-जुले रहेंगे.

**वृषभ राशि:** आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा. मन अशांत रह सकती है. सेहत खराब हो सकती है. बिजनेस में संभलकर फैसला लें. कोई बड़ी डील हाथ से निकल सकती है. परिवार में पत्नी से मतभेद हो सकते हैं.

**मिथुन राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा. कोई रुका हुआ पुराना काम आज पूरा होगा. मन में प्रसन्नता रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. सेहत में उतार-चढ़ाव रहेगा. बिजनेस में भी लाभ के योग हैं. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.

**कर्क राशि:** आज का दिन अच्छा रहेगा. हर काम में आज सफलता हाथ लगेगी. स्वास्थ्य ठीक रहेगा.बिजनेस में कोई बड़ा कार्य साझेदारी में शुरू कर सकते हैं. आय के नए स्त्रोत बनेंगे. परिवार में कोई नया मेहमान आ सकता है.

**सिंह राशि:** आज का दिन खुशखबरी लेकर आएगा. जो लोग अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. परिवार में मांगलिक कार्यों के योग बनेंगे. आपसी मतभेद दूर होंगे.बिजनेस में कोई बड़ी डील समझौता आपके पक्ष में हो सकता है.

**कन्या राशि :** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. सेहत बिगड़ सकती है.कोर्ट केस में हार का मुंह देखना पड़ सकता है. आज विरोधियों से संभलकर रहें. बिजनेस में बड़ा जोखिम ना उठाएं.नुकसान की आशंका है. परिवार में वाद-विवाद की स्थिति बनने पर शांत रहें.

**तुला राशि:** आज किसी खास काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है. काम में सफलता मिलेगी.परिवार में किसी अपने परिचित को खोने का समाचार मिल सकता है.आप स्वयं वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. परिवार में अपनों का सहयोग मिलेगा पत्नी से संबंध अच्छे रहेंगे.

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा. सोचे हुए काम पूरे होंगे. साथी के साथ बाहर घूमने जाएंगे. मन प्रसन्न रहेगा. ऑफिस में कोई नया दायित्व प्राप्त होगा.बॉस की तारीफ मिलेगी. व्यापार-व्यवसाय में लाभ की स्थिति बनेगी.

**धनु राशि:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है. नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो आज कर सकते हैं. सफलता मिलेगी.भविष्य में बड़ा प्रॉफिट होगा. आज किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. रुका हुआ धन प्राप्त होगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा.

**मकर राशि :** आज भागदौड़ रहेगी. किसी वाद विवाद में फंस सकते हैं. वाणी पर कंट्रोल रखें. विरोधियों के षड्यंत्र का शिकार बनने से बचें. स्वास्थ्य में गिरावट महसूस होगी. बिजनेस में नुकसान की आशंका है. परिवार में पैतृक संपत्ति को लेकर झगड़ा हो सकता है.

**कुंभ राशि:** आज का दिन परेशानियों से भरा रहेगा. कोर्ट केस में हार का सामना करना पड़ सकता है.व्यापार में बड़ा नुकसान हो सकता है. विरोधी वर्ग षड्यंत्र रह सकते हैं. परिवार में पत्नी से मतभेद बढ़ सकते हैं. वाणी पर संयम रखें.


**मीन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप किसी बड़ी समस्या से मुक्त हो सकते हैं.कोर्ट कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होगी. व्यापार व्यवसाय में लाभ मिलेगा.रिश्तेदार मित्रों का आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा. रुका हुआ धन मिल सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# जब भाषा बन जाए आत्मसम्मान का सवाल, गृहमंत्री का संकेत और हमारी जिम्मेदारी

> **कुछ लोगों को सदा से लगता रहा है कि इस तेजी से बदलते दौर में, जब दुनिया विश्वग्राम बन चुकी है, अंग्रेजी के बिना तरक्की संभव नहीं है आजादी के बाद लगभग सर्वस्वीकृत था कि हिंदी राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित हो सकेगी। पर ऐसा होना तो दूर, कई क्षेत्रीय भाषाओं के साथ इसका तालमेल अब तक ठीक से नहीं बन पाया है। अक्सर कुछ राज्यों से हिंदी को लेकर विरोध के स्वर उभरते देखे जाते हैं।**

हर सभ्य और संवेदनशील देश तथा समाज अपनी भाषा और संस्कृति को लेकर सतर्क रहता है। बिना अपनी भाषा का संरक्षण किए, अपनी संस्कृति की सुरक्षा नहीं की जा सकती। इस अर्थ में केंद्रीय गृहमंत्री का भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन को लेकर दिया गया बयान महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि आने वाला समय भारतीय भाषाओं का होगा और अंग्रेजी बोलने वाले शर्म करेंगे। उनके बयान से इस उम्मीद को भी बल मिला है कि राष्ट्रभाषा का मसला सुलझ सकता है। अभी हकीकत यही है कि सेतु भाषा के रूप में स्वीकार की गई अंग्रेजी का वर्चस्व अधिक है। सरकारी कामकाज, न्यायालयों, शिक्षा, व्यापार आदि में हालांकि भारतीय भाषाओं का चलन पहले की तुलना में बढ़ा है, पर इतना नहीं कि अंग्रेजी विस्थापित हो सके ।ऐसे में गृहमंत्री का




बयान समझा जा सकता है। आजादी के बाद लगभग सर्वस्वीकृत था कि हिंदी राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित हो सकेगी। पर ऐसा होना तो दूर, कई क्षेत्रीय भाषाओं के साथ इसका तालमेल अब तक ठीक से नहीं बन पाया है। अक्सर कुछ राज्यों से हिंदी को लेकर विरोध के स्वर उभरते देखे जाते हैं। तमिलनाडु और महाराष्ट्र का मामला ताजा है, जहां शिक्षा में त्रिभाषा सूत्र लागू करने के लिए संघर्ष देखा गया। हालांकि महाराष्ट्र ने अब हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में मान्यता दे दी है ।महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी अनिवार्य है या नहीं? सरकार ने चला नया दांव, विपक्षी बोले ह्र गुपचुप तरीके से लागू कर रही सरकारआज जब ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में काफी तरक्की हो चुकी है, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व बढ़ता ही दिखाई देता है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से सवाल उठते रहते हैं कि इस तरह आखिर भारतीय भाषाओं में ज्ञान के प्रसार का रास्ता प्रशस्त कैसे हो सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार पर बल दिया गया है। मगर यह काम अपनी भाषा में ही संभव हो सकता है। अंग्रेजी में पहले ही बहुत सारी ज्ञान संपदा की गलत व्याख्याओं से सांस्कृतिक धुंधलका छा गया है ।वह दिन दूर नहीं जब अंग्रेजी बोलने वालों को आएगी शर्म, अमित शाह ने भारतीय भाषाओं को लेकर कही बड़ी बातगृहमंत्री का वक्तव्य इस संदर्भ में व्यापक अर्थवत्ता समेटे हुए है। यह सही है कि कई बार बदलते समय के मुताबिक भाषाओं को अपनी उपयोगिता सिद्ध करने में कठिनाई आती है, मगर भाषाओं का अस्तित्व केवल व्यापारिक-वाणिज्यिक जरूरतों से जुड़ा नहीं होता। गृहमंत्री ने इस संदर्भ में साहित्य का महत्त्व रेखांकित किया कि साहित्य हमारे समाज की आत्मा है। यह सदियों से हमारी संस्कृति, धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा करता आया है ।कुछ लोगों को सदा से लगता रहा है कि इस तेजी से बदलते दौर में, जब दुनिया विश्वग्राम बन चुकी है, अंग्रेजी के बिना तरक्की संभव नहीं है। मगर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि भारतीय ज्ञान परंपरा को अवरुद्ध या कहीं-कहीं उसकी धारा को पूरी तरह खत्म कर देने में अंग्रेजी का बड़ा हाथ रहा है। जिसे भारतीय आत्मा कहा जाता है, उसकी रक्षा भारतीय भाषा के जरिए ही संभव है। हालांकि गृहमंत्री ने भी स्वीकार किया कि विदेशी पहचानों से मुक्ति पाने में वक्त लगेगा और भारतीय भाषाओं का वास्तविक स्वरूप विकसित होने में कुछ कठिनाई है, पर यह संभव होगा। भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन का जिम्मा चूंकि गृह मंत्रालय पर है, इसलिए यह माना जाना चाहिए कि गृहमंत्री जब अंग्रेजी को विस्थापित कर भारतीय भाषाओं का वर्चस्व स्थापित करने का दावा कर रहे हैं, तो निस्संदेह उनके मन में इसे लेकर कोई ठोस खाका है।

# सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर निशाना बनती सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर

**मनोज कुमार अग्रवाल**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष कर महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में एक घटनाक्रम में बठिंडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर किया जा रहा विरोध , जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित था, अब हिंसक आपराधिक गुंडई और आतंकवाद में बदल गया है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरों, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दशार्ते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दशार्ता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है। यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है। इससे पहले भी 28 जून 2022 को राजस्थान के उदयपुर में एक हिन्दू टेलर कन्हैयालाल की हत्या भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने के लिए की गई थी , जिनकी टिप्पणियों के कारण 2022 में मुहम्मद पैगम्बर को लेकर की गई



टिप्पणी पर विवाद हुआ था । हमलावरों ने कन्हैया लाल की दुकान में ग्राहक बनकर प्रवेश किया फिर उसकी नृशंसता से हत्या कर दी। इस हत्या के वीडियो बना कर इंटरनेट पर पोस्ट किए गए थे, जिसमें दो कथित हमलावर कसाई के चाकू पकड़े हुए थे और हत्या की ज़िम्मेदारी लेते हुए खुद की पहचान मुहम्मद रियाज अत्तारी और मुहम्मद गौस के रूप में कर रहे थे। अब इस मामले के दो मुख्य आरोपियों को हाइकोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कमल कौर की हत्या भी कन्हैया लाल कांड की पुनरावृत्ति है। आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग कट्टरपंथी अपराधी व आतंकी समूहों द्वारा धर्म या पंथ या संस्कृति और नैतिकता के रखवाले बनकर ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया। यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे। अब भारत में कथित सांस्कृतिक धार्मिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निमार्ता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन लोगों का रवैया बता रहा है कि इस तरह की वारदातों के पीछे एक तय एजेंडा काम कर रहा है जिसका लक्ष्य कथित नैतिकता के संरक्षण के नाम पर हिंसा कर आतंक की नई फसल को तैयार करना है । सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष कर महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। सवाल उठता है कि उनके इन मूल्यों को कौन परिभाषित करता है और किसने उन्हें इस सतर्कता को लागू करने का अधिकार दिया । बठिंडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पंजाब महिला आयोग ने निंदा करके सही कदम उठाया है, लेकिन केवल आधिकारिक निंदा पर्याप्त नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों को सुनियोजित अपराधों के रूप में दर्ज करना चाहिए, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी इस दिशा में जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि वे समय रहते सोशल मीडिया के दुरुपयोग रोकें व घृणास्पद सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म से हटाएं। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी एक अपरिहार्य अंग है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की आजादी की अपनी सीमाएं भी हैं। हालांकि, यह आजादी आलोचना से प्रतिरक्षा नहीं देती, लेकिन यदि आलोचना किसी की मयार्दा को नुकसान पहुंचाने या हत्या की धमकी में तब्दील होने लगे, तो शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। खासकर डिजिटल सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर जब डिजिटल निगरानी शारीरिक हिंसा में बदलने लगे। जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसे मामलों में अभी से सख्ती न दिखाई गई तो समाज में ऐसी हिंसक कार्रवाई की घटनाओं को थामना मुश्किल हो जाएगा। अब पंजाब के बहुचर्चित कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। इस मामले के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरो के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उसे ह्यइज्जत का राखाह्ल बताया गया है। ये पोस्टर लुधियाना-मालेरकोटला रोड स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारा आलमगीर साहिब के पास देखे गए, जिनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। पोस्टरों में अमृतपाल सिंह मेहरो को एक धार्मिक व्यक्ति के रूप में पेश किया गया है और उसके खिलाफ चल रही जांच को साजिश बताया गया है। पोस्टर में लिखा गया है कि 'महिरो ने जो किया वह इज्जत की रक्षा के लिए किया'। अब यह मामला जांच एजेंसियों और पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गया है। पोस्टर सामने आने के बाद पुलिस को शक है कि आरोपी को बचाने या उसके पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है और जिन लोगों ने ये पोस्टर लगाए हैं, उनकी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# ईरान-इजरायल युद्ध, : धमाकों से दहला तेलअबिब और तेहरान


**संजीव ठाकुर**

अमेरिका और इजरायल की इस युती के मानसिक असंतुलनों की सनक ने इजरायल ईरान के युद्ध को जन्म दिया है। इस युद्ध का कोई तात्कालिक कारण नहीं है इस युद्ध के नेपथ्य में इसराइल और ईरान की दशकों की तैयारी रही है। इसराइल और अमेरिका ने ईरान को आतंकवाद का एक बड़ा केंद्र निरूपित किया है और इजरायल ने आरोप लगाया है कि ईरान पिछले दो दशकों से इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध करता आ रहा है उसने पर्दे के पीछे रहकर हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हुती आतंकवादियों को लगातार आर्थिक,सामरिक और रणनीतिक मदद करता आ रहा है और हिजबुल हमास और हूती आतंकवादी संगठनों नें लगातार इसराइल पर हमले करके हजारों इसराइलियों की हत्या भी की हैं। इसके साथ ही इसराइल के कई ठिकानों को नष्ट किया है। इसराइल और अमेरिका लगातार ईरान को परमाणु बम ना निर्मित करने और परमाणु संधि करने के लिए समय ब समय चेतावनी देते आ रहे हैं। इन सब में उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका राष्ट्रपति बनने के बाद इसराइल ज्यादा आक्रामक होकर गाजापट्टी तथा फिलिस्तीन पर आक्रामक हमले कर उसे समूल नष्ट करने की प्रक्रिया में जुट गया है। इसराइल और ईरान की लड़ाई की पृष्ठभूमि में ईरान द्वारा अपने पास परमाणु ईंधन संग्रहित करने उसे परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया अपनाने, लगातार मिसाइल निर्माण करने और खतरनाक आतंकवादियों को संरक्षण समर्थन एवं आर्थिक मदद देने की रही है। जिसकी भयानक परिणीति यह रही कि तेरा जून 25 से इजरायल ने ईरान के परमाणु केंन्द्रों, लगभग 12 परमाणु वैज्ञानिकों और लगभग 6 ईरान के टॉप सैनिक कमांडरों की हत्या कर दी है। तेहरान में ताबड़तोड़ हमले कर तेहरान को आधा बर्बाद कर दिया है। इजरायल द्वारा उनके समस्त परमाणु वैज्ञानिकों की हमले से हत्या करने के बाद ईरान को अपने परमाणु प्रोग्राम में बहुत बड़ा झटका लगा है। इजरायल ने ईरान के तमाम परमाणु केन्द्रों, न्यूज नेटवर्क अस्पतालों पर हमले किए हैं। अब जवाब में ईरान भी अपने नेता अयातुल्लाह खेमनई के नेतृत्व में लगभग 200 मिसाइल से इसराइल के तेलअबिब शहर में आक्रमण कर तेल तथा गैस के भंडारों अस्पतालों एवं स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग को तबाह कर दिया है। इधर ताजा जानकारी के अनुसार इसराइल ने ईरान के हेवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया और इसके परिणाम स्वरूप हेवी वॉटर रिएक्टर तबाह हो गया है यह हेवी वॉटर रिएक्टर न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल के चार शहरों जिसमे तेल अबिब,बिशेबा,रमतगढ़ और होलोंन शहर में लगभग 30 से 35 टारगेटेड मिसाइल से हमला बोल दिया है इजरायल की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 176 लोग घायल हुए हैं जिसमें 6 लोग गंभीर बताई जाते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया है कि ईरान ने जानबूझकर उसके नागरिक ठिकानों, अस्पतालों और स्टॉक एक्सचेंज पर मिसाइल का निशाना बनाया है इजरायल ईरान युद्ध अब आठवें दिन में प्रवेश कर चुका है। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति ने कनाडा में सम्मेलन को अचानक छोड़कर अमेरिका वापस लौटने की रणनीति बनाकर इसराइल को युद्ध में समर्थन देने की बात कही है वैसे तो डोनाल्ड ट्रंप अपने राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल में अति अविश्वसनीय रहे हैं। उनकी अविश्वसनीयता का सबसे बड़ा उदाहरण उनके चुनाव में अरबों डॉलर खर्च करने वाले व्यापारी मित्र एलन मस्क को व्यापार में कोई भी लाभ न देकर अपना दुश्मन बना लिया है, दूसरी तरफ भारत के पहलगाम हमले में 27 भारतीयों की निर्मम हत्या करने वाले मास्टरमाइंड तथाकथित फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच पर आमंत्रित किया है।

# महिला-पार्टनर के बीच सहमति से बने रिश्ते, प्रेग्नेंसी रोकने का उपकरण फेल, बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्या दिया आदेश?

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने गर्भावस्था रोकने के उपकरण की विफलता के कारण गर्भवती हुई महिला को 25 हफ्ते के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दे दी है, वहीं महिला को इस स्थिति तक लाने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले पार्टनर को एक लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने गर्भावस्था रोकने के उपकरण की विफलता के कारण गर्भवती हुई महिला को 25 हफ्ते के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दे दी है, वहीं महिला को इस स्थिति तक लाने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले पार्टनर को एक लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। रिश्ते बनाने के बाद मुंह मोड़ने वाले महिला के पार्टनर को कोर्ट ने गर्भपात की प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने को भी कहा है। कोर्ट ने क्या कहा ?केस के तथ्यों के मद्देनजर कोर्ट ने कहा कि गर्भावस्था जारी रखने से पहले से परेशान महिला की मानसिक सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बच्चे को जन्म देने और महिला के अपने शरीर पर हक को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता (महिला) को गर्भपात की इजाजत दी है। चूंकि महिला ने भ्रूण के हृदय की धड़कन को रोककर गर्भपात की इजाजत मांगी थी, इसलिए महिला को अदालत ने ऐसी सुविधा वाले अस्पताल में भर्ती होने की छूट दी है। इससे पहले कोर्ट ने महिला के पार्टनर को भी अदालत में तलब किया था, क्योंकि उसने महिला को किसी भी तरह की सहायता देने से इंकार कर दिया था। महिला और पार्टनर के बीच सहमति से बने थे रिश्ते31 वर्षीय महिला से बातचीत करने के दौरान जस्टिस रेवती मोहिते ढेरे और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने पाया कि वह बहुत व्यथित है।

# दरिंदे ने 10 साल की बच्ची से किया रेप, प्राइवेट में डाला पेचकस, गर्लफ्रेंड ने बनाया वीडियो, मुंबई में गुस्सा

**मुंबई में 10 साल की बच्ची पर अमानवीय अत्याचार की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक युवक और उसकी गर्लफ्रेंड ने यह घिनौना कृत्य उस समय किया जब उसकी मां घर पर नहीं थी। दोनों उसके घर में रहते हैं। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक 10 साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 24 साल के एक युवक और उसकी 21 साल की गर्लफ्रेंड को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दरिंदे ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में स्क्रू ड्राइवर डाला। इस दौरान उन्होंने इस घटना का वीडियो भी बनाया। यह घटना मुंबई में हुई है। इससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं।

## क्या है पूरा मामला?

दरअसल बच्ची की मां एक केटरिंग कंपनी में काम करती है। वह 36 साल की हैं। वे सभी एक चॉल में रहते हैं। दोनों आरोपी वेटर हैं और बच्ची की मां के अंडर में काम करते हैं। वे मां-बेटी के साथ ही रहते थे। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 15 मई से 14 जून के बीच जब बच्ची की मां काम पर गई हुई थी। तब आरोपियों ने बच्ची के साथ कई बार गलत काम किया।

## प्राइवेट पार्ट में स्क्रू ड्राइवर डालकर दिया दर्द

पुलिस ने बताया कि 24 साल के युवक ने कई बार बच्ची के साथ अत्याचार किया। उसने उसके प्राइवेट पार्ट में स्क्रू ड्राइवर डालकर उसे दर्द दिया। उसकी गर्लफ्रेंड ने इस अत्याचार का वीडियो बनाया। आरोपी ने बच्ची को मारा भी था। उसने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने अपनी मां को इस बारे में बताया तो वह वीडियो वायरल कर देगा।

## बच्ची ने मां से किया घटना का जिक्र

गुरुवार 19 जून को बच्ची ने अपनी मां को इस बारे में बताया। इसके बाद उसकी मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मेघवाडी पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर संभाजी जाधव ने कहा कि हमने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।किन धाराओं में हुआ केस आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) (बलात्कार), 64(2) (सहमति देने में असमर्थ महिला पर बलात्कार), 77 (चोरी से वीडियो बनाना), 115 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 352 (अपशब्दों का प्रयोग कर अपमान करना), 351(3) (मृत्यु या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देकर आपराधिक धमकी देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

फास्ट ट्रैक

# तक कोई मुस्लिम शिकायत नहीं करता, हम 10 मिनट नमाज पढ़ते हैं तो... अबू आजमी का विवादित बयान, हिंदी-मराठी पर भी बोले

**समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र में सबसे बड़े नेता अबू आसिम आजमी ने एक बार फिर विवाद खड़ा करने वाला बयान दिया है। महाराष्ट्र में पालकी समारोहों के बीच उन्होंने कहा है कि इनसे ट्रैफिक की समस्या होती है, लेकिन मुस्लिम शिकायत नहीं करता है लेकिन नमाज पढ़ने पर बवाल होता है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणे/सोलापुरः समाजवादी पार्टी के नेता और मुंबई से विधायक अबू आसिम आजमी ने एक बार फिर बवाल खड़ा करने वाले बयान दिया है। सोलापुर पहुंचे अबू आजमी महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा विवाद से लेकर ईरान-इजरायल युद्ध तक पर बोले। अबू आजमी ने इस मौके पर कहा कि वह मराठी की इज्जत करते हैं। मराठी का सम्मान होना चाहिए लेकिन हिंदी का अपमान नहीं। उन्होंने एक सवाल के जबाब में कहा कि यह झगड़ा खड़ा कराने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वोट मिल जाएं। वे छुटभैए नेता (मनसे) हैं। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक हो जाएं तो ठीक ही रहेगा, हालांकि इस सब के अलावा उन्होंने एक विवादित बयान भी दे डाला।महाराष्ट्र में वारकारी सम्प्रदाय के पालकी समारोह को लेकर अबू आजमी इसकी जह से वजह से सड़क जाम हो जाती है, हमने 10 मिनट नमाज अदा करते हैं तो शिकायत की जाती है। इससे पहले अबू आसिम आजमी के औरंगजेब बयान पर सियासी बवंडर खड़ा हो चुका है।कोई मुस्लिम शिकायत नहीं करतामहाराष्ट्र में सपा के सबसे बड़े नेता अबू आजमी ने कहा कि पालकियों की वजह से सड़क जाम हो जाती है, जब हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं, तो मुसलमान विरोध नहीं करते। आजमी ने बयान दिया है कि जब मुसलमान नमाज अदा करते हैं तो शिकायत की जाती है। उन्होंने कहा कि पालकियों की वजह से सड़क जाम हो जाती है, सड़क पर कई हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं। कोई भी मुस्लिम व्यक्ति हिंदू त्योहारों के खिलाफ शिकायत नहीं करता है. इसलिए, जब कोई मुसलमान दस मिनट के लिए सड़क पर नमाज पढ़ता है तो शिकायत की जा रही है। अबू आजमी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के पासपोर्ट रद्द करने की धमकी दे रहे हैं।पूरे देश के लिए एक भाषाअबू आजमी ने भाषा विवाद पर कहा कि पूरे देश के लिए एक भाषा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ में राज्यों की भाषा हो। उन्होंने कहा कि वह मराठी की इज्जत करते हैं लेकिन हिंदी का अपमान नहीं होना चाहिए।

# मुंबई के तोते को अजब बीमारी.. चेंबूर में चल रहा इलाज, लाखों खर्च

**मुंबई में एक लावारिस तोते को न्यूरोलॉजिकल समस्या के कारण अटैक्सिया हो गया था। इलाज के लिए उसका एमआरआई स्कैन किया गया और एक्यूपंक्चर किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि तोते की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है और वह अब थोड़ा-थोड़ा चलने लगा है। उसे दर्द निवारक दवाएं और फोटोथेरेपी भी दी जा रही है।**

मुंबई : एक तोते का टफक स्कैन किया गया है। उसे एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसके लिए एक्यूपंक्चर किया जा रहा है। यह तोता चेंबूर में एक कार धोने वाले को एक गाड़ी के नीचे मिला था। डॉक्टरों का कहना है कि तोते को अटैक्सिया है। यह एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है। लेकिन, तोता धीरे-धीरे ठीक हो रहा है।जब तोता मिला, तो वह कांप रहा था। वह अपनी गर्दन को मोड़कर पानी भी नहीं पी पा रहा था। वह खाने को भी नहीं काट पा रहा था। डॉ. दीपा कटयाल इंजीनियर इस तोते का इलाज कर रही हैं।ऐसे बीमारी का चला पताडॉ. दीपा ने बताया कि एक्स-रे में कुछ खास नहीं दिखा। डॉ. कटयाल दर्द प्रबंधन की विशेषज्ञ हैं। उनकी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में खास रुचि है। उन्होंने कहा कि उसकी पूंछ पर चोट लगी थी। उसके शरीर के कांपने से अटैक्सिया का पता चला, जो एक न्यूरोलॉजिकल समस्या हो सकती है। इंसानों की मशीन में हुआ स्कैनसही जानकारी के लिए, तोते के दिमाग और रीढ़ की हड्डी का टफक स्कैन किया गया। यह स्कैन इंसानों के लिए बने एक अस्पताल में किया गया। डॉ. कटयाल ने कहा कि हमें पहले यह पता करना था कि क्या यह न्यूरोलॉजिकल समस्या है।

# ईरान में भारत का खून... अबू आजमी को आया गुस्सा बोले- खत्म होनी चाहिए अमेरिका की चौधराहट-वीडियो

**ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बीच अमेरिका के कूदने पर सपा नेता अबू आजमी ने बड़ा बयान दिया है। महाराष्ट्र के सोलापुर में आजमी ने कहा कि हमारे देश में भी अमेरिका की चौधराहट खत्म होनी चाहिए।आजमी ने अली खामनेई की तारीफ की।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




पुणे/सोलापुरः मिडिल ईस्ट में ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी जंग पर समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी ने बड़ा बयान दिया है। आजमी ने कहा है कि हमारे देश (भारत) में अमेरिका का हस्तक्षेप खत्म होना चाहिए। अमेरिका फिलिस्तीन में बमबारी और भूख से मर रहे बच्चों के बारे में कुछ नहीं बोल रहा है, वह इजराइल का समर्थन कर रहा है। आजमी ने सोलापुर में कहा कि पहले इजराइल ने ईरान पर हमला किया और फिर ईरान ने जवाबी हमला किया। वह व्यक्ति (अली खामेनेई) 85 साल का है, उसके दादा भारत के बाराबंकी में पैदा हुए थे। उसके अंदर भारतीय खून है। जिस तरह से उसने इजराइल को जवाब दिया, उसने बहुत बढ़िया काम किया है। मैं उसकी सराहना करता हूं।आजमी ने बताया लोहिया फॉमूर्ला आजमी ने कहा जो देश (भारत) में अमेरिका की चौधराहट है। वह खत्म होनी चाहिए। आजमी ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने बहुत पहले कहा था कि भारत और उसके पड़ोसी देशों का एक संघ बनना चाहिए, ताकि अमेरिका की भूमिका खत्म हो। आजमी ने कहा कि अमेरिका कह रहा है कि उसे भारत-पाकिस्तान का युद्ध रुकवा दिया। आजमी ने कहा हमारे प्रधानमंत्री के कहने के बाद भी वह (डोनाल्ड ट्रंप) ऐसा बार-बार कर रहे हैं। आजमी ने आगे कहा कि इजरायल ने पहले हमला किया था। अबू आजमी ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की तारीफ की।अमेरिका हो चुकी है संघर्ष में एंट्रीआजमी का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब इजरायल-ईरान जंग में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है।ईरान पर अमेरिकी हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात की। इजरायल-ईरान का युद्ध दसवें दिन में प्रवेश कर गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने अटैक के जरिए ईरान के परमाणु हथियार की साइट को तबाह कर दिया है। दोनों देशों की बीच हुए संघर्ष में अब तक नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम 865 लोग मारे गए हैं।

# 'मुर्दे की खोपड़ी से मक्खन खा रहे हैं'

## संजय राउत महायुति सरकार से पूछा किसानों का कर्ज कब माफ होगा?

**संजय राउत ने कहा है कि मराठी और महाराष्ट्र की अस्मिता का सवाल हो, तो बहुत धैर्य और त्याग की जरूरत होती है.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने किसानों का 100 फीसदी कर्ज माफ करने का वादा किया था. हालांकि, सरकार के सत्ता में आने के छह महीने बाद भी अभी तक कर्ज माफ नहीं हुआ है, जहां एक तरफ विपक्ष और किसान इसको लेकर सरकार की आलोचना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे की पार्टी के सांसद संजय राउत ने किसानों की कर्ज माफी को लेकर सरकार पर हमला बोला है.संजय राउत ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव से पहले इस सरकार ने घोषणा की थी कि वह किसानों का कर्ज माफ करेगी. फिर उस कर्ज माफी का क्या हुआ? किसानों का कर्ज कब माफ होगा? क्या 12 हजार या 1 लाख किसानों के आत्महत्या करने के बाद कर्ज माफ होगा?

## '2100 रुपये कब देंगे?'

उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में यह भी कहा गया है कि वे अपनी प्यारी बहनों को 2100 रुपये देंगे. फिर ये 2100 रुपये कब देंगे? इस सरकार के सत्ता में आने के बाद से 2,000 से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं. कर्जमाफी कब करेंगे?, क्या वे कर्जमाफी घर का चिराग बुझने के बाद करेंगे या घर के मुखिया के जाने के बाद करेंगे? राउत ने महायुति सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव से पहले कर्जमाफी करके आप मुर्दे की खोपड़ी से मक्खन खा रहे हैं.

## अजित पवार 500 करोड़ रुपये किससे लूटेंगे?

शिवसेना सांसद ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार वित्त मंत्री के पद पर रहने का रिकॉर्ड बनाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन वे एक चीनी कारखाने के चुनाव के लिए पिछले 15 दिनों से वहां बैठे हैं.उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मुद्दों को हवा में छोड़कर वे वहां बैठे हैं. वह कहते हैं मुझे कारखाने का अध्यक्ष बना दो, मैं 24 घंटे में सरकार से 500 करोड़ लेकर आऊंगा. वे 500 करोड़ किससे लूटेंगे? अजित पवार जैसे राष्ट्रीय नेता गांवों में घूम रहे हैं, यह इस राज्य का दुर्भाग्य है कि अजित पवार जैसे नेताओं को इस राज्य का आशीर्वाद मिला है.

# शिवसेना यूबीटी के दो पूर्व पार्षद बीजेपी में शामिल, मुंबई में उद्धव ठाकरे को फिर बड़ा झटका, शेलार ने छोड़े तीर

**मुंबई में बीएमसी चुनावों की सरगर्मी जैसे-जैसे बढ़ी रही है वैसे-वैसे नेताओं के दल बदलने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। रविवार को उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी के दो पूर्व पार्षदों ने बीजेपी के सदस्यता ग्रहण कर ली।2017 के चुनावों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना के 84 पार्षद जीते थे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी को मुंबई में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो पूर्व पार्षद रविवार को बीजेपी में शामिल हो गए। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के काफी नेता और पदाधिकारी शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना मे भी शामिल हुए हैं। ऐसे में उद्धव ठाकरे को अब मुंबई में 'डबल अटैक' का सामना करना पड़ा रहा है। शिवसेना यूबीटी के दो पूर्व पार्षदों के बीजेपी में आने पर मंत्री और मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) की स्थिति की तुलना मुंबई की 'खतरनाक' और 'जर्जर' इमारत से की। अध्यक्ष शेलार ने कहा कि शिवसेना (उबाठा) के 50 पूर्व पार्षद पहले ही प्रतिद्वंद्वी गुट में शामिल हो चुके हैं। बीजेपी में शामिल होने वाले पूर्व पार्षदों के नाम पूर्व पार्षद ईश्वर तायडे और आकांक्षा शेट्टी हैं।बीजेपी बनेगी सबसे बड़ी पार्टी

आशीष शेलार ने कहा कि कहा कि अविभाजित शिवसेना ने 2017 के मुंबई निकाय चुनावों में 84 सीट जीती थीं जबकि भाजपा को 82 सीट पर जीत मिली थी। अब 100 से अधिक पूर्व पार्षदों के साथ हम शिवसेना की मूल संख्या को पार कर चुके हैं। शिवसेना (यूबीटी) के अलावा अन्य दलों के पूर्व पार्षद भी हमारे साथ आए हैं। मंत्री ने कहा कि मुंबई वासियों के आशीर्वाद से भाजपा आगामी नगर निगम चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी।

शेलार ने उद्धव ठाकरे पर छोड़े तीर

शेलार ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) की हालत मुंबई की खतरनाक और जीर्ण-शीर्ण इमारतों जैसी है। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की हालत खतरनाक है क्योंकि यह हिंदुत्व विरोधी, मुंबई विरोधी और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा विरोधी हो गई है। यह जीर्ण-शीर्ण है क्योंकि कोई भी इसमें नहीं रहना चाहता। मुंबई में अब जल्द ही बीएमसी चुनाव होने की उम्मीद की जा रही है। चुनावों के दिवाली के आसपास होने की संभावना है।

# अकेलापन दूर करने के लिए पुणे में 85 साल के बुजुर्ग को थी पार्टनर की तलाश, शादी का ऐड देख फंसे, गंवाए 11 लाख

**पुणे के सीनियर इंस्पेक्टर अश्विनी सतपुते ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित से अलग-अलग बहानों से पैसे लिए। पहले उसने कहा कि उसकी चचेरी बहन बीमार है, फिर उसने कहा कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। इस तरह उसने पीड़ित से कुल 11.45 लाख रुपये ठग लिए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : महाराष्ट्र के पुणे में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां की बिबवेवाड़ी पुलिस ने एक 85 वर्षीय व्यक्ति की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत में कहा गया है कि मैट्रिमोनियल फ्रॉड में उन्हें 11.45 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। यह घटना 18 अप्रैल से 6 जून के बीच हुई। पुलिस के अनुसार, बुजुर्ग व्यक्ति अपने बेटे और बहू के साथ बिबवेवाड़ी में एक बंगले में रहते हैं। उनकी पत्नी का निधन 11 साल पहले हो गया था। अकेलेपन से तंग आकर, उन्होंने फिर से शादी करने और एक नया जीवन शुरू करने का फैसला किया।अखबार में देखा विज्ञापन बुजुर्ग ने मैट्रिमोनियल विज्ञापन देखना शुरू किया। उन्हें एक स्थानीय अखबार में एक महिला का प्रस्ताव मिला। उन्होंने विज्ञापन में दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया। रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान करने के बाद, उन्होंने कॉलर से प्रस्ताव के बारे में जानकारी प्राप्त की 57 साल की महिला से मिलवाया बिबवेवाड़ी पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर अश्विनी सतपुते ने बताया कि धोखेबाज ने फिर उन्हें एक महिला से मिलवाया। उसने दावा किया कि महिला 57 साल की है। उन्होंने कहा कि दोनों ने बातचीत शुरू की, अपनी प्रोफाइल का आदान-प्रदान किया और एक-दूसरे में रुचि दिखाई। चचेरी बहन के इलाज के नाम पर की ठगी शादी का प्रस्ताव फाइनल होने से पहले, महिला आदमी के साथ रहने के लिए राजी हो गई। उसने उसका विश्वास जीता। फिर उसने उसे अपनी चचेरी बहन के इलाज के लिए अलग-अलग रकम देने के लिए कहा।

# अहमदाबाद के तरह महाराष्ट्र में भी बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट ने पकड़ी रफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : गुजरात के बाद महाराष्ट्र में भी देश के पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट ने रफ्तार पकड़ ली है। नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बुलेट ट्रेन का मार्ग तैयार करने के लिए दहानू में पहला 40 मीटर लंबा फुल स्पैन प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) बॉक्स गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इस प्रोजेक्ट के तहत महाराष्ट्र में 156 किमी लंबा ट्रैक तैयार होना है। इसमें 21 किमी मार्ग भूमिगत और 135 किमी का एलिवेटेड मार्ग होगा।

## 50 किमी का एलिवेटेड मार्ग

मुंबई से अहमदाबाद से बीच कुल 503 किमी लंबा ट्रैक तैयार किया जा रहा है। गुजरात में 352 किमी लंबे मार्ग में से 300 किमी के हिस्से में एलिवेटेड मार्ग तैयार करने का पूरा हो चुका है। महाराष्ट्र में भी बुलेट ट्रेन के लिए 50 किमी का एलिवेटेड मार्ग तैयार करने के लिए पिलर खड़ा करने का काम चल रहा है। वहीं, बीकेसी, विरार, बोईसर

**❍ गुजरात के बाद महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना ने गति पकड़ी है, जहाँ दहानू में पहला 40 मीटर लंबा कंक्रीट बॉक्स गर्डर लॉन्च किया गया। महाराष्ट्र में 156 किमी का ट्रैक बनेगा, जिसमें भूमिगत और एलिवेटेड मार्ग शामिल हैं। राज्य में स्टेशनों का निर्माण जारी है, और नदियों पर पुल बनाने का काम भी चल रहा है।**

और ठाणे में स्टेशन तैयार करने का काम चल रहा है। विरार और बोईसर स्टेशन पर स्लैब तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है, जबकि ठाणे स्टेशन का फाउंडेशन वर्क चल रहा है। वहीं, उल्लास और वैतारण नदी पर ब्रिज तैयार करने का काम चल रहा है।बच्ची को लिप किस किया, प्राइवेट पार्ट छुआ, जानें कौन हैं कढर गौरव उपाध्याय जिनके खिलाफ असम कोर्ट में आरोप तय

## राज्य में ऐसा होगा बुलेट ट्रेन का मार्ग

बुलेट ट्रेन के लिए बीकेसी में तैयार हो रहा पहला स्टेशन भूमिगत होगा। बीकेसी से ठाणे के शिलफाटा के बीच



21 किमी लंबा भूमिगत मार्ग होगा। शिलफाटा से गुजरता की सीमा के करीब जारोली गांव तक बुलेट ट्रेन का 135 किमी लंबा एलिवेटेड मार्ग होगा। 135 किमी लंबे मार्ग में से 103 किमी का मार्ग 2,575 एफएसएलएम गर्डर का इस्तेमाल कर तैयार किया जाएगा, जबकि 17 किमी का मार्ग सेगमेंटल गर्डर्स का उपयोग का तैयार होगा।

## सबसे भारी गर्डर

40 मीटर लंबे पीएससी बॉक्स गर्डर का वजन लगभग 970 मीट्रिक टन है, जो सबसे भारी गर्डर कहा जा रहा है। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए पूर्ण-स्पैन गर्डर्स को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि यह सेगमेंटल गर्डर की तुलना में 10 गुना अधिक तेजी से निर्माण कार्य को संभव बनाते हैं। गर्डर समेत अन्य सामग्री तैयार करने के लिए शिलफाटा और गुजरात-महाराष्ट्र सीमा के बीच कुल 13 कास्टिंग यार्ड की योजना बनाई गई है, जिनमें से 5 वर्तमान में चालू हैं।

## महाराष्ट्र में ऐसे दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

- 156 किमी कुल मार्ग की लंबाई।
- 21 किमी भूमिगत मार्ग होगा।
- 135 किमी का एलिवेटेड मार्ग।
- 103 किमी मार्ग 2,575 एफएसएलएम गर्डर से बनेगा।
- 17 किमी का मार्ग सेगमेंटल गर्डर्स से बनेगा।
- 2.3 किमी का स्टील ब्रिज।
- ठाणे, विरार और बोईसर में स्टेशनों पर 1.3 किमी का मार्ग।
- 06 किमी लंबी सुरंग पहाड़ों में बनेगी।
- 05 किमी का मार्ग ऊंचाई वाले स्थानों पर बनेगा।

## पूरे प्रोजेक्ट पर एक नजर

- 508 किमी कुल मार्ग की लंबाई।
- 352 किमी गुजरात में।
- 156 किमी महाराष्ट्र में।
- कुल 12 स्टेशन होंगे।
- 20 नदियां पार कर दौड़ेगी ट्रेन।

# गाजियाबाद पुलिस का सख्त रुख

**❍ अपराधियों को बख्शा नहीं, पुलिस ने 50 मुठभेड़ में 62 अपराधी किए गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

गाजियाबाद, पुलिस कमिश्नरेट ने जन-आधारित पुलिसिंग को मजबूत करते हुए अपराधियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने 15 अप्रैल से 21 जून के बीच कई बड़ी कार्रवाई की हैं। इस दौरान 50 मुठभेड़ों में 62 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 70 खतरनाक अपराधियों को पकड़ा है।89 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। 31 अपराधियों को जिला बदर किया गया है। गैंगस्टर एक्ट के तहत 90 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आम जनता की सुविधा का भी ध्यान रखा है। पासपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र, किरायेदार और कर्मचारी सत्यापन के 25,191 मामलों में फीडबैक लिया गया। इनमें से केवल 5 मामलों में पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत मिली। इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की गई। जनता की सुविधा के लिए एफआईआर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अब पीड़ितों के घर तक पहुंचाई जा रही है। स्नैचिंग और लूट रोकने के लिए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 39,996 बाइक की जांच की गई। 19,392 वाहनों का चालान किया गया।



# ग्राम पंचायत की संपत्ति की जानकारी अब ऑनलाइन : रोहन घुगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , जिला परिषद, ठाणे के अंतर्गत ग्राम पंचायत संपत्तियों के सर्वेक्षण, पंजीकरण और कम्प्यूटरीकरण के तहत, जिले में जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों की कुल 9 हजार 477 अचल और चल संपत्तियों के रिकॉर्ड ऑनलाइन प्रणाली में अपडेट किए जाएंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में पारदर्शी और अनूठी व्यवस्था शुरू की जा रही है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) प्रमोद काले ने इस पहल के बारे में




विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा, ₹ग्राम पंचायत की इमारतों, उनके आसपास के खुले स्थानों, खुले भूखंडों, इमारतों के बिना जमीनों और चल संपत्तियों का सर्वेक्षण करके ऑनलाइन संपत्ति पंजीकरण प्रणाली (https://zpthanemalmattakosh.com) बनाई गई है। वर्तमान में, जानकारी अपडेट करने की प्रक्रिया चल रही है।₹ इसके माध्यम से एक क्लिक पर हर संपत्ति की जानकारी उपलब्ध होगी। यह वेबसाइट ग्राम पंचायतों के लिए संपत्ति प्रबंधन का एक पारदर्शी और अनूठा साधन होगी।

# संजय वाघुले महाराष्ट्र मथाडी एवं सामान्य कामगार संघ के ठाणे-पालघर जिला अध्यक्ष बने

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध महाराष्ट्र मथाडी एवं सामान्य कामगार संघ के ठाणे एवं पालघर जिला अध्यक्ष पद पर भाजपा के पूर्व नगर सेवक संजय वाघुले का चुनाव किया गया है। ठाणे के येउर में आयोजित बैठक में संजय वाघुले ने पदभार ग्रहण किया है।इस बैठक में जिले के अन्य पदाधिकारियों का भी चुनाव किया गया तथा उन्हें नियुक्ति पत्र दिए गए। सुप्रिम सुर्वे को महाराष्ट्र मथाडी एवं सामान्य कामगार संघ का ठाणे-पालघर जिला महासचिव, नरेंद्र राजाराम पाटिल को ठाणे जिला उपाध्यक्ष, मुकेश मोकाशी को महासचिव तथा अनिल कनौजिया को ठाणे-पालघर जिला कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। इस अवसर पर संघ के क्षेत्रीय महासचिव अरुण दलवी, कार्यकारी अध्यक्ष संदीप कदम, कानूनी सलाहकार एडवोकेट के.पी. गुरव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। ठाणे और पालघर जिलों के लिए नियुक्त पदाधिकारी इस प्रकार हैं। ठाणे और पालघर जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सुगदेरे, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र राजाराम पाटिल, जिला सचिव नयन पाटिल, सचिव छगन भोसले, कल्याण, मुरबाड और शाहपुर तालुका उपाध्यक्ष गणेश चिमा भोईर, ठाणे जिला उपाध्यक्ष प्रदेश शेडगे, उपाध्यक्ष राकेश चौगुले, उपाध्यक्ष किरण मनेरा, कलवा वार्ड नंबर 23 सचिव संदीप वर्मा, माजिवड़ा-मानपाडा प्र. नंबर 1 सचिव चेतन रमाकांत किनी, कलवा वार्ड समिति प्रभाग अध्यक्ष तेजस चंद्रमोरे, कोपरी वार्ड समिति प्रभाग अध्यक्ष नदीम कुरेशी, उथलसर प्र. क्रमांक 12 सचिव ऋषि वाघ, उथलसर प्र. क्रमांक 12 संयुक्त सचिव मयूर वायंगंकर, माजिवड़ा-मानपाड़ा प्र. क्रमांक 1 उपाध्यक्ष अक्षय नागलकर, कलवा प्र. क्रमांक 13 उपाध्यक्ष करण गणेश पवार, उथलसर प्र. क्रमांक 12 सचिव अनिकेत तावड़े, उथलसर प्र. क्रमांक 12 उपाध्यक्ष जीतेन्द्र विश, लोकमान्य-सावरकर नगर वार्ड अध्यक्ष गुलाब झा, मजीवडा-मानपाडा प्र. 2 उपाध्यक्ष पंकज गोंधले, मजीवड़ा-मानपाडा प्र. प्रभाग अध्यक्ष हर्षद सत्यवान पाटिल, ठाणे शहर सचिव सचिन गणेश सावंत, उथलसर प्र. 11 उपाध्यक्ष परेश चव्हाण, ठाणे शहर सचिव निलेश रा. पाटिल, ठाणे शहर उपाध्यक्ष संतोष सालुंखे, कोपरी वार्ड समिति उपाध्यक्ष दीपक अशोक कदम, वर्तकनगर प्र. क्रमांक 5 सचिव संदेश बंबरडेकर, उथलसर प्र. क्रमांक 12 उपाध्यक्ष गणेश खोपड़े, वर्तकनगर प्र. क्रमांक 4 सचिव विश्राम बागवे, वर्तकनगर प्र. क्रमांक 4 उपाध्यक्ष सुहास बाणे, वर्तकनगर वार्ड मंडल अध्यक्ष सचिन श्यामराव पवार, वर्तकनगर वार्ड समिति सह सचिव महेश भिलारे, वर्तकनगर वार्ड समिति उपाध्यक्ष अध्यक्ष समाधान साल्वी, वर्तकनगर वार्ड समिति 5 के अध्यक्ष भगवान आडे, नवी मुंबई के उपाध्यक्ष शरद तवारे, उथलसर वार्ड समिति 12 के संयुक्त सचिव प्रशांत मोदके। संजय वाघुले ने इन नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

फास्ट ट्रैक

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या

### पति, सास, ननद और देवर पर केस दर्ज; 15 दिन पहले पीहर से लाया था

शाहजहांपुर , जलालाबाद में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के पिता कमलेश कुमार ने पति, सास, ननद और देवर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका अनुपम पाल (26) की शादी चार साल पहले मंजेश पाल से हुई थी। आरोप है कि मंजेश, उसकी मां, बहन वंदना और भाई मुनेंद्र लगातार दहेज के लिए अनुपम को



प्रताड़ित करते थे। प्रताड़ना से परेशान होकर अनुपम अपने मायके चली गई थी। 15 दिन पहले मंजेश उसे वापस अपने घर ले गया था। उस समय उसने मायके में ही धमकी दी थी कि इस बार अनुपम को जिंदा नहीं छोड़ेगा। 17 जून 2025 को मंजेश, उसकी मां, बहन और भाई ने मिलकर अनुपम की पीट-पीटकर हत्या कर दी। अगली सुबह जब मृतका के पिता को सूचना मिली और वे मौके पर पहुंचे, तो उन्हें अनुपम की लाश मिली। इसके बाद उन्होंने जलालाबाद कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक ने युवती को भगाया

### 20 हजार रुपये और जेवरात भी साथ ले गई, पिता की शिकायत पर केस दर्ज

शाहजहांपुर, मिर्जापुर थाना क्षेत्र से एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी शौचालय के लिए खेत में गई थी। इस दौरान गांव का एक युवक मौका देखकर उनकी बेटी को



भगा ले गया। पिता का कहना है कि बेटी घर से 20,000 रुपए नकद भी ले गई है। इसके अलावा वह सोने के कुंडल और चांदी की पायल भी अपने साथ ले गई है। पिता ने बताया कि उन्होंने बेटी की हर संभव जगह तलाश की। लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। अब पुलिस युवती और आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है।

# पति की गैरमौजूदगी में महिला से छेड़छाड़

### पेड़ से घर में घुसा देवर, महिला के शोर मचाने पर मचा हड़कंप

शाहजहांपुर , मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला अपने तीन छोटे बच्चों के साथ घर में सो रही थी। इस दौरान उसका रिश्ते का देवर घर के बाहर लगे पाकड़ के पेड़ से चढ़कर अंदर घुस आया। आरोपी ने महिला को अकेला देखकर बुरी नीयत से दबोच लिया। महिला के शोर मचाने पर आसपड़ोस के लोग जाग गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। पीड़िता ने बताया कि उसके पति एक महीने से बाहर काम कर रहे हैं। वह अकेली तीन छोटे बच्चों के साथ घर में रह रही है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महाराष्ट्र अंधविश्वास उन्मूलन समिति के अनिल ठाणेकर ठाणे शहर अध्यक्ष व अशोक मोहिते प्रधान सचिव निर्वाचित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , महाराष्ट्र अंधविश्वास उन्मूलन समिति की ठाणे शाखा की स्थापना की गई है और वरिष्ठ पत्रकार अनिल ठाणेकर को शाखा अध्यक्ष व टीजेएसबी बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक मोहिते प्रधान सचिव चुने गए हैं। इस अवसर पर महाराष्ट्र अंधविश्वास उन्मूलन समिति के संस्थापक सदस्य प्राचार्य मच्छिंद्रनाथ मुंडे, ठाणे जिला अध्यक्ष डॉ. सुषमा बसवंत, नामदेव म्हात्रे, डॉ. शशिकांत शिंदे, सारिका माने, पत्रकार अरविंद जोशी, पत्रकार सतीश अहिरे, पत्रकार सलमान पठान, छाया ठाणेकर तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।प्रारंभ में उपस्थित साथियों ने अपना परिचय दिया। इसके पश्चात डॉ. सुषमा बसवंत ने एनएनआईएस की संगठनात्मक संरचना तथा पांच सिद्धांतों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रिंसिपल मच्छिंद्रनाथ मुंडे ने एनिस की स्थापना का कारण, आस्था और अंधविश्वास के बीच का अंतर समझाया। पत्रकार अनिल ठाणेकर ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि अगले तीन महीनों में एनिस के काम को ठाणे शहर में ध्यान देने योग्य स्तर तक विस्तारित किया जाएगा और जल्द ही इसे एक सक्रिय शाखा बनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में डॉ. शशिकांत शिंदे ने पूछा कि क्या एनिस के कार्यक्रम सरकारी धन से लागू किए जा सकते हैं। जब प्रिंसिपल मच्छिंद्रनाथ मुंडे ने पूछा, ₹क्या हम एनिस के कार्यक्रमों को सरकारी धन से लागू कर सकते हैं?₹, तो प्रिंसिपल मच्छिंद्रनाथ मुंडे ने समझाया कि हम सरकारी धन के बजाय कार्यकताओं और सार्वजनिक भागीदारी से एकत्र धन से एनिस के कार्यक्रम और संगठनात्मक कार्य करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। लेकिन बिना किसी शर्त के सरकारी मदद से संयुक्त कार्यक्रम शुरू करने पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन हमें उस पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। इसके बाद ठाणे शहर संपर्क शाखा की स्थापना की घोषणा की गई और अध्यक्ष की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार अनिल ठाणेकर को तथा प्रधान सचिव की जिम्मेदारी टीजेएसबी बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक मोहिते को सौंपी गई।

# मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की समस्या से निपटने के लिए ठोस उपाय करें : विलास तारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पालघर , मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 48 पर पिछले एक सप्ताह से यातायात की भारी भीड़ है और विधायक विलास तारे ने राजमार्ग यातायात पुलिस को ठोस उपाय करने के लिए बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर विधायक तारे ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 48 न केवल मुंबई और गुजरात को जोड़ता है, बल्कि यह महाराष्ट्र के औद्योगिक, वाणिज्यिक और चिकित्सा, अंतरराष्ट्रीय बाजार के दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण है। पालघर जिले के बोईसर-तारापुर औद्योगिक क्षेत्र, वसई-विरार महानगर क्षेत्र के साथ-साथ वहां के विभिन्न कारखानों, आयात-निर्यात व्यवसायों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के दैनिक गतिविधियों के लिए इस राजमार्ग का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। हालांकि, यह देखा गया है कि पिछले एक सप्ताह से इस राजमार्ग पर लगातार और गंभीर यातायात भीड़ पैदा हो रही है। इस यातायात जाम के कई प्रकार से गंभीर परिणाम हो रहे हैं। इसकी वजह से मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने में बाधा आ रही है, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों की जान को भी खतरा हो सकता है। इसकी वजह से बोईसर-तारापुर एमआईडीसी में निर्यात योग्य वस्तुओं की आवाजाही में देरी हो रही है, जिससे औद्योगिक गति प्रभावित हो रही है। समय पर काम पर नहीं पहुंच पाने के कारण कई लोगों को जुमार्ना, कटौती या अनुपस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर सड़क का काम अधूरा पड़ा है। गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं और यातायात जाम हो रहे हैं। इन परेशानियों के कारण स्थानीय नागरिकों में तीव्र नाराजगी है और उनका धैर्य जवाब दे रहा है। इस पृष्ठभूमि में समस्या का समाधान करने, यातायात नियोजन में सुधार करने और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय करके नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए तत्काल उपाय करना आवश्यक है। इसी के तहत यह बैठक बुलाई गई है, ऐसा 131 बोईसर (आ.ज.) विधानसभा से विधायक विलास तारे ने कहा है। इस अवसर पर विधायक विलास तारे, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक सुहास चिटनीस, प्राधिकरण अभियंता आर. राय, संतोष सैनी, राजमार्ग यातायात पुलिस के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक संतोष खानविलकर, वसई-पालघर उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी औदुंबर गवई, मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय यातायात शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश शेटे, पुलिस उपनिरीक्षक संतोष शेंडगे, मनोहर पाटिल, पालघर ग्रामीण मनोर पुलिस निरीक्षक रवींद्र बायस, वसई विरार शहर महानगरपालिका के कार्यकारी अभियंता संजय कुलकर्णी, कनिष्ठ अभियंता विजय चव्हाण, अमित शिंदे, अखिल भारतीय वाहन चालक संघ के हरभजन सिंह नानाडे, टीमा संघ के पदाधिकारी और अन्य अधिकारी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वित्त मंत्री की पहल

- शाहजहांपुर में दो पार्कों में 80 पेड़ लगाए, बोले- हर व्यक्ति पेड़ लगाकर खुद करे देखभाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शाहजहांपुर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने एक दिवसीय दौरे के दौरान दो पार्कों में वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। मंत्री ने सबसे पहले बरेली मोड़ स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल और विश्वकर्मा पार्क का निरीक्षण किया। जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा नेताओं की उपस्थिति में दोनों पार्कों में कुल 80 पेड़ लगाए गए। खन्ना ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जन भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की। साथ ही उन्होंने लोगों से लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी लेने को कहा। इससे पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उनका विकास भी होगा। नगर विधानसभा से नौवीं बार विधायक बने खन्ना के कार्यक्रम में शाम को सदर बाजार के टाउनहाल में एक सरार्फा शोरूम का उद्घाटन भी शामिल है।

# सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो डालना पड़ा महंगा

### तिलहर में युवक गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , तिलहर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ फोटो डालने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो और रील डाल रहा है। पुलिस ने आरोपी तन्नू उर्फ तरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह मोहल्ला खलील कटरा का रहने वाला है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार तोमर ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रेस्टोरेंट में मैनेजर की मौत

### किचन में फंदे से लटका मिला शव, डॉक्टर ने मृत घोषित किया, जांच में जुटी पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, अहरौरा थाना क्षेत्र में स्थित बेटियों का रेस्टोरेंट बाटी चोखा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। रेस्टोरेंट के मैनेजर ललित तिवारी (48) का शव किचन में फंदे से लटका मिला। किचन स्टाफ ने सबसे पहले शव को देखा और अन्य कर्मचारियों को सूचित किया। कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को खबर दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां डॉक्टर मनोज सिंह ने ललित तिवारी को मृत घोषित कर दिया। मृतक ललित तिवारी सीतापुर के लहरपुर स्थित मतुवा, सुरईया के रहने वाले थे। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जो अपनी मां के साथ घर पर रहते हैं। सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह ललित को रेस्टोरेंट में टहलते हुए देखा गया था।

वह किचन की तरफ गए और काफी देर तक वापस नहीं लौटे। रेस्टोरेंट के प्रो सिद्धार्थ दूबे और दिवाकर पांडेय को भी स्टाफ ने घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस रेस्टोरेंट के स्टाफ से पूछताछ कर रही है।

# झाले पर काम करने वाले किसान की मौत

### शरीर पर चोट के निशान मिले, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना बंडा क्षेत्र में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मरेना गांव के रहने वाले 55 वर्षीय छब्बा लाल के रूप में हुई है। वह पिछले 12 वर्षों से बसंतापुर स्थित एक झाले पर काम करते थे। खेत में काम करने के दौरान छब्बालाल की मौत हो गई। झाले के मालिक ने इसकी सूचना परिवार को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने छब्बालाल के शरीर पर चोट के निशान



देखे। शरीर के विभिन्न हिस्सों से खून भी निकल रहा था। परिवार का कहना है कि छब्बालाल की मौत हार्ट अटैक से नहीं हुई है। हालांकि, परिजनों का कहना है कि अगर हार्ट अटैक से मौत हुई तो शरीर पर चोट के निशान कैसे आए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार छब्बालाल का किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# कॉलेज से बाहर छात्रा से छेड़छाड़

### शाहजहांपुर में युवकों ने की मारपीट, जान से मारने की धमकी दी; केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक बीए की छात्रा के साथ कॉलेज के बाहर छेड़छाड़ और मारपीट की घटना सामने आई है। पुवायां क्षेत्र की रहने वाली छात्रा चौक कोतवाली क्षेत्र स्थित कॉलेज में पढ़ती है। परीक्षा देकर जब छात्रा कॉलेज से बाहर निकल रही थी, तब जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला परशुरामपुरी का कृष्ण शुक्ला अपने चार साथियों के साथ वहां पहुंचा।

कृष्ण ने छात्रा से छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। आरोपी कृष्ण के साथी नवनीत, आर्यन, प्रखर मिश्रा और संजय भी उसे उकसा रहे थे। मारपीट में छात्रा के शरीर और चेहरे पर चोट के निशान आए हैं। आरोपियों ने छात्रा को जान से मारने की धमकी भी दी। छात्रा किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचा पाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# जलभराव से यातायात बाधित

### रेलवे क्रॉसिंग पर लगा लंबा जाम, लोग ट्रैक पार कर रहे हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, जमुई में चुनार मार्ग स्थित अंडरपास पुलिया में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इस कारण रेलवे क्रॉसिंग पर लंबा जाम लग रहा है। एनएच-35 के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण



अंडरपास से गुजरना असंभव हो गया है। इस वजह से कई लोग मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक के ऊपर से पार कर रहे हैं। खासकर बाइक और साइकिल सवार महिलाओं और बच्चों को ट्रैक के ऊपर से ले जा रहे हैं। वाहन चालकों को एक से डेढ़ घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है। वाराणसी रामेश्वर के ललित पांडेय, सभासद गौतम बाबू जायसवाल, किशन मोदनवाल समेत कई स्थानीय लोगों ने बताया कि जब रेलवे गेट बंद होता है, तो स्थिति और भी खराब हो जाती है। दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को इस जाम में फंसकर परेशानी झेलनी पड़ रही है। अंडरपास में पानी भरने की समस्या के समाधान की मांग स्थानीय नागरिकों ने की है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान में क्रिप्टो बिजनेस की कमान संभालेंगे आर्मी चीफ मुनीर

## 34 हजार करोड़ के क्रिप्टो बिजनेस की तैयारी में अमेरिका; ट्रम्प-शहबाज फैमली भी पार्टनर

एजेंसी

इस्लामाबाद/ वॉशिंगटन, पाकिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कुनबे का क्रिप्टो कारोबार अब आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। वाइट हाउस में हाल में ट्रम्प द्वारा मुनीर को डिनर डिप्लोमेसी के तहत न्योते में क्रिप्टो डील को फाइनल करना था। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17,000 करोड़ रुपए के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है। पाक सरकार ने क्रिप्टो बिजनेस के अनुकूल नीतियों में बदलाव भी शुरू कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार ट्रम्प परिवार अगले दो साल में पाक में क्रिप्टो बिजनेस को दोगुना कर 34 हजार करोड़ रुपए करने की तैयारी में है। मुनीर पाक में क्रिप्टो बिजनेस को अपने हाथ में लेंगे। इसे ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर द्वारा सीजफायर करने का ट्रम्प



की ओर से इनाम समझा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार ट्रम्प-मुनीर में डील कराने में पाक मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन साजिद तरार अहम किरदार हैं। रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तरार फाइनेंस व रियल एस्टेट फर्म मैक्सिमस इन्वेस्टमेंट ग्रुप चलाते हैं। मुनीर को डिनर का न्योता दिलाने में भी तरार का मुख्य रोल रहा। पाकिस्तानी आर्मी के कई बिजनेस भी चलते हैं। अनुमान है कि पाक आर्मी का लगभग सवा दो लाख करोड़ रुपए का बिजनेस है। फौजी फाउंडेशन (एफडी), आर्मी वेलफेयर ट्रस्ट (एवीटी) और डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) जैसे संगठन ये बिजनेस चलाते हैं। ये संगठन उर्वरक, सीमेंट, ऊर्जा, रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों में व्यापार करते हैं। आर्मी चीफ मुनीर इस आर्मी के बिजनेस की आय के कुछ हिस्सा क्रिप्टो करंसी में भी लगा सकते हैं। पाकिस्तान आतंकी फंडिंग के कारण एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) संस्था की वॉचलिस्ट में है। जानकारों का मानना है कि पाक क्रिप्टो करंसी में आतंकी फंडिंग कर एफएटीएफ के निगरानी तंत्र को गच्चा दे सकता है। क्रिप्टो करंसी में शामिल ब्लॉकचेन की जटिलता लेनदेन को ट्रैक करना मुश्किल बनाती है। इसका फायदा उठाकर अवैध आतंकी फंडिंग छिपाई जा सकती है। पाक को द. एशिया की क्रिप्टो कैपिटल बनाने का प्लान ट्रम्प का प्लान है कि पाकिस्तान को दक्षिण एशिया की क्रिप्टो कैपिटल बनाया जाए। चेन एनालिसिस रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल क्रिप्टो एडैप्टेशन में पाकिस्तान 9वें नंबर पर है। यहां पिछले तीन साल में क्रिप्टो बिजनेस दोगुना हो गया है। करीब 24.5 करोड़ की आबादी में से लगभग 2.75 करोड़ लोग क्रिप्टो यूजर हैं–जो दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है। इसकी बड़ी वजह वहां की ब्लैक इकोनॉमी मानी जा रही है। पाक जीडीपी में 46वें, प्रति व्यक्ति आय में 155वां नंबर पर है।ल्लपीएम शहबाज के क्रिप्टो पर सलाहकार बिलाल ने वेगास कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की मौजूदगी में कहा, पाक क्रिप्टो करंसी वॉलेट और बिटकॉइन माइनिंग का प्लान बना चुका है। इसे जल्द लागू कर दिया जाएगा।

# ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी हमलों की निंदा की

## 'गंभीर परिणाम' भुगतने की धमकी दी

> वैश्विक समुदाय को इस ओर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए, ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन द्वारा की गई ये 'खतरनाक और अवैध' कार्रवाइयां संयुक्त राष्ट्र के हर सदस्य को चौंकाने वाली होनी चाहिए। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लेख करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि ईरान आत्मरक्षा के अपने अधिकार के तहत सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है।

एजेंसी


ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने रविवार को अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों की तीखी आलोचना की, और गंभीर परिणामों की चेतावनी दी। अराघची ने इन हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का स्पष्ट उल्लंघन बताया। एक्स पर अपने बयान में, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य अमेरिका पर 'शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों' को निशाना बनाकर आपराधिक कृत्य करने का आरोप लगाया। ईरानी विदेश मंत्री ने एक पोस्ट में कहा, 'आज सुबह की



घटनाएं अपमानजनक हैं और इसके अनंत परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस बेहद खतरनाक, कानूनविहीन और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए।' वैश्विक समुदाय को इस ओर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए, ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन द्वारा की गई ये 'खतरनाक और अवैध' कार्रवाइयां संयुक्त राष्ट्र के हर सदस्य को चौंकाने वाली होनी चाहिए। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लेख करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि ईरान आत्मरक्षा के अपने अधिकार के तहत सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है। पोस्ट में आगे कहा गया, 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर और इसके प्रावधानों के अनुसार, जो आत्मरक्षा में वैध प्रतिक्रिया की अनुमति देते हैं, ईरान अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की रक्षा के लिए सभी विकल्प सुरक्षित रखता है।' विदेश मंत्री के पोस्ट के कुछ ही क्षण बाद, ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी रविवार को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा की, और हमलों को अपनी संप्रभुता पर सीधा हमला बताया।

# हर अमेरिकी नागरिक अब 'निशाने' पर, ईरान की यूएसए को सीधी धमकी

> अमेरिका के हमलों के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तोताओं ने गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, एक अन्य ईरानी प्रस्तोता ने सरकारी टीवी पर कहा, 'युद्ध अभी शुरू हुआ है, मिस्टर ट्रम्प! अब आप शांति की बात करते हैं? हम आपके साथ इस तरह से पेश आएंगे कि आप लापरवाही के परिणामों को समझ सकें।'



एजेंसी

अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमला कर मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष को और भड़का दिया है। अमेरिकी हमलों में ये तीनों केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। इस बीच, ईरान के सरकारी टीवी ने दावा किया है कि हमले से कुछ समय पहले ही इन परमाणु स्थलों को खाली करा लिया गया था। साथ ही, टीवी प्रस्तोताओं ने हर अमेरिकी नागरिक के 'निशाने' पर होने की धमकी दी है। ईरानी अधिकारियों ने सरकारी टीवी पर इस्फहान, नतांज और फोर्डो परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों की पुष्टि की है। सरकारी एजेंसी आईआरएनए ने इस्फहान के गवर्नर के सहयोगी अकबर सालेही के हवाले से इन हमलों की पुष्टि की। सालेही ने बताया कि कई निवासियों ने इस्फहान और नतांज के परमाणु केंद्रों के पास हमले देखे, और इन क्षेत्रों में कई विस्फोट सुने गए। ईरान के सरकारी टीवी ने आगे दावा किया कि इस्लामिक रिपब्लिक ने कुछ समय पहले ही तीनों परमाणु स्थलों को खाली करा लिया था। सरकारी टीवी के अनुसार, ट्रम्प के बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ऐसे में नुकसान की सीमा का आकलन करना आवश्यक है। इस्लामिक रिपब्लिक के परमाणु उद्योग को बमबारी से पूरी तरह नष्ट नहीं किया जा सकता। अमेरिकी हमले के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तुतकताओं ने भी संभावित परिणामों की चेतावनी दी। अमेरिका के हमलों के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तोताओं ने गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। आईआरएनए ने एक प्रस्तोता के हवाले से बताया कि क्षेत्र में मौजूद हर अमेरिकी नागरिक और सैन्यकर्मी अब वैध लक्ष्य बन गया है। एक वायरल वीडियो में, ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों का एक ग्राफिक दिखाते हुए दावा किया कि इनमें से अधिकांश ठिकाने ईरान की आग की सीमा के भीतर हैं। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, एक अन्य ईरानी प्रस्तोता ने सरकारी टीवी पर कहा, 'युद्ध अभी शुरू हुआ है, मिस्टर ट्रम्प! अब आप शांति की बात करते हैं? हम आपके साथ इस तरह से पेश आएंगे कि आप लापरवाही के परिणामों को समझ सकें।'

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नौका डूबने से सात पर्यटकों की मौत

एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक नौका के डूब जाने से उसमें सवार सात पर्यटकों की मौत हो गई। बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्वात जिले के कलाम के शाही बाग इलाके में 10 पर्यटकों को ले जा रही नौका के पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि स्थानीय लोगों ने तीन अन्य को बचा लिया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, चार पर्यटकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों और बचाव दलों को तैनात कर दिया गया है, लेकिन भूभाग की



जटिल संरचना और सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित होने के कारण बचाव प्रयासों में बाधा आ रही है।

> नेशनल असेंबली (पाकिस्तान की संसद) के सदस्य डॉ. अमजद अली ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को बचाव अभियान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

नेशनल असेंबली (पाकिस्तान की संसद) के सदस्य डॉ. अमजद अली ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को बचाव अभियान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

# अखिलेश यादव का यूपी में महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान

## कहा- सरकार बनते ही लागू की जाएगी योजना



एजेंसी

लखनऊ, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव भले ही अभी कुछ समय दूर हों, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीतियां बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बड़ा ऐलान किया है। लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा प्रमुख ने घोषणा की कि अगर 2027 में उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो 'स्त्री सम्मान योजना' शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत गरीब महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अखिलेश ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में महिलाओं और बेटियों के साथ अन्याय बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और बीजेपी शासन में महिलाओं का सबसे ज्यादा शोषण हो रहा है। सपा प्रमुख ने यह भी ऐलान किया कि उनकी पार्टी 2027 के चुनाव में बड़ी संख्या में महिलाओं को टिकट देगी। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग पर बीजेपी के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। ईरान-इजराइल तनाव पर अखिलेश का बयानईरान और इजराइल के बीच बढ़ते

> उन्होंने कहा कि सपा सरकार की पहल समाजवादी पेंशन योजना को दूसरे राज्यों में भाजपा या अन्य दलों ने लागू किया और सरकार बना ली और अब उन योजनाओं में कटौती की जा रही है। यादव ने कहा, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी (पार्टी) की सरकार बनी, तो हमने ह्यसमाजवादी पेंशन के माध्यम से गरीब महिलाओं को 500 रुपये देना शुरू किया। आने वाले समय में गरीब महिलाओं को 3,000 रुपये देने का काम भी समाजवादी पार्टी की सरकार करेगी।

तनाव पर टिप्पणी करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कठिन समय में यह देखा जाता है कि आप किसके साथ खड़े हैं और आपके साथ कौन है। उन्होंने कहा कि अगर आप उस मित्र देश का साथ नहीं देते, जिसने कभी आपका भला किया हो, तो यह विदेश नीति के अनुसार पूरा तरह विश्वासघात है।कुंभ हादसे और काले धन पर बीजेपी को घेराअखिलेश यादव ने कुंभ मेले में हुई घटना और काले धन के मुद्दे पर भी बीजेपी को घेरा और उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कुंभ में बीजेपी सकरार की नाकामी उजागर हो गई है। सरकार ने मृतकों की संख्या को छिपाने की काफी कोशिश की। उनका कहना था कि बीजेपी नहीं चाहती थी कि इस हादसे में मृतकों की संख्या पिछली घटनाओं से ज्यादा दिखे। इसके अलावा, उन्होंने काले धन वाले मामले में तंज कसते हुए कहा कि यह दुनिया का पहला उदाहरण है

# यूपी के 40 शहरों में बारिश, आगरा में मगरमच्छ दौड़ा

## बिजनौर में हाईवे डूबा, बिजली से 6 मौत; कल 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

> मौसम विभाग के मुताबिक, 24 घंटे में प्रदेश 5 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई। यह औसत 3.9 मिमी के अनुमान से 29 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, 1 जून से अब तक प्रदेश में 55.6 मिमी बारिश हो चुकी, जो कि सामान्य 49.6 मिमी से 12 प्रतिशत अधिक है।



एजेंसी

उत्तर प्रदेश, यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। लखनऊ समेत 40 शहरों में रविवार को कहीं तेज तो कहीं रुक-रुक बारिश होती रही। बिजनौर में इतनी बारिश हुई कि हाईवे डूब गया। गलियों में नदी जैसा बहाव रहा। बच्चे नहाते नजर आए। मंडी में सब्जियां बह गईं।मुजफ्फरनगर में घर के बाहर खेल रहा मासूम नाले में बह गया। यहां बारिश से घुटनों तक पानी भर गया। झांसी में एक घंटे की बारिश में सड़कों पर 2 फीट तक पानी भर गया। पुनावली चैकडेम ओवरफ्लो हो गया। यहां रक्सा गांव में सुनहरे रंग के 100-150 मेंढक नजर आए। स्थानीय मान्यता है कि सुनहरे रंग के मेंढक दिखते हैं तो अच्छी बारिश होती है।आगरा में चंबल नदी से मगरमच्छ निकलकर गांव पहुंच गया। ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो सहम गए। वन विभाग सूचना को दी। वन विभाग ने मगरमच्छ को पकड़कर चंबल नदी में छोड़ा। पीलीभीत में पुल का एक हिस्सा नहर में समा गया। आसपास के लोगों की सूचना पर सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची। राहत-बचाव शुरू किया।चित्रकूट में बरदहा नदी के पानी में कच्ची सड़क बह गई, जिससे कई गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया। हरदोई में बारिश के पानी में डूबने से 3 बच्चों की मौत हो गई। वहीं, बिजली गिरने से बलिया में ज्वेलर समेत 3, देवरिया-बलिया और मुरादाबाद में एक-एक की मौत हुई।सोमवार को 19 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इनमें बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत शामिल हैं।

### इन जिलों में 23 जून को बारिश का अलर्ट

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर के आसपास इलाकों में बारिश की संभावना है।

# अमित शाह से हलफनामा लिखवाना चाहिए कि...

## नीतीश कुमार को लेकर ऐसा क्यों बोले तेजस्वी यादव

> तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा कहेगी कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उन्हें अमित शाह से हलफनामा लिखवाना चाहिए कि पांच साल तक नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री रहेंगे।

एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर चल रही अटकलों के बीच राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह तय हो चुका है और गठबंधन की रणनीति के अनुसार इसका खुलासा किया जाएगा। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, जब सीएम के चेहरे के बारे में पूछा गया, तो यादव ने कहा कि सब कुछ तय हो चुका है। हम अपनी रणनीति के अनुसार इसका खुलासा करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा कहेगी कि चुनाव के बाद



नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उन्हें अमित शाह से हलफनामा लिखवाना चाहिए कि पांच साल तक नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री रहेंगे। भाजपा जिस भी पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसे खत्म कर देती है। पूरे देश में किसी भी क्षेत्रीय पार्टी को देख लीजिए... देखिए भाजपा ने चिराग पासवान की पार्टी के साथ क्या किया। भाजपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि 'भक्तों' को नहीं पता कि इरज एक संस्कृत शब्द है। इसका मतलब है 'पवनपुत्र', जो हनुमान का नाम है। भाजपा के लोगों को सनातन के बारे में कुछ नहीं पता।

# गुलाम की तरह अंग्रेजी का समर्थन क्यों?

## भाषा विवाद को लेकर राहुल गांधी पर निशिकांत दुबे ने कसा तंज

> भाजपा नेता ने आगे कहा कि यही शिक्षा नीति लगभग अभी चल रही है, क्षेत्रीय भाषाओं के साथ भी विद्यार्थी बढ़े इसमें बदलाव अभी माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2020 में किया है।

एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के नेता निशिकांत दुबे ने रविवार को राहुल गांधी पर निशाना साधा और स्थानीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी सीखने को प्रोत्साहित करने के कांग्रेस नेता के इरादों पर सवाल उठाया। साथ ही उन्होंने भाषा के चयन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का विरोध करने के पाखंड की ओर इशारा करते हुए कहा कि 1986 की एनईपी के भी इसी तरह के लक्ष्य थे। निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी जी आपका खोजी सलाहकार आपको बर्बाद करने पर उतारू है, यह आपके



पिताजी के द्वारा देश को दिया शिक्षा नीति 1986 का है, इसमें आपके पिताजी हिंदी को बढ़ावा देने, संस्कृत भाषा को सिखाने तथा क्षेत्रीय भाषाओं में अंग्रेजी से अनुवाद करने का वादा देश से कर रहे हैं।भाजपा नेता ने आगे कहा कि यही शिक्षा नीति लगभग अभी चल रही है, क्षेत्रीय भाषाओं के साथ भी विद्यार्थी बढ़े इसमें बदलाव अभी माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2020 में किया है। रुस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, अरब देश, जापान, कोरिया सभी को अपनी भाषा पर गर्व है और वह विकसित है, आप गुलामों की तरह अंग्रेजी पर क्यों गर्व करते हैं, हमें तो संथाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगला, मलयालम, हिंदी, संस्कृत पर गर्व है।दुबे की पोस्ट राहुल गांधी की एक अन्य पोस्ट के जवाब में की गई थी, जिसमें उन्होंने लोगों, खासकर वंचित पृष्ठभूमि के लोगों को अंग्रेजी सीखने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि भाषा सीखना समानता, अधिक रोजगार के अवसरों की ओर एक कदम हो सकता है, जो कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहता है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह अंग्रेजी का बांध नहीं है, यह एक पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं है, यह शक्ति है। अंग्रेजी कोई जंजीर नहीं है - यह जंजीरों को तोड़ने का एक साधन है।

## संक्षेप

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम पलटी

**ट्रक में अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंश बचे, चालक समेत दो घायल**

सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बड़ी घटना सामने आई है। हरदोई से आजमगढ़ की तरफ जा रहे एक डीसीएम ट्रक में अवैध रूप से गौवंश ले जाया जा रहा था। रविवार सुबह चालक मुन्ना को नींद आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना एलएम-5 के 94.600 किलोमीटर पर हुई। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने सुबह में दी। पुलिस टीम इस पर मौके पर पहुंची। दुर्घटना में चालक मुन्ना और दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को बल्दीराय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक खिलौना बाजार थाना क्षेत्र, जिला हरदोई का रहने वाला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना के कारण गौवंश बच गए, अन्यथा ये सभी पशु कत्लखाने पहुंच जाते। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची। यातायात सुचारू करने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इससे पहले भी इसी मार्ग पर इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई पशुओं की जान जा चुकी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बारिश से किसानों को मिली राहत

**धान की रोपाई के लिए खेतों में बढ़ी नमी, किसानों में खुशी का माहौल**

सुल्तानपुर, कूरेभार क्षेत्र में आधे घंटे हुई अच्छी बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। 18 जून की बारिश के बाद आसमान में बादल तो छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इससे लोग और किसान परेशान थे। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। किसानों को इससे खेती-किसानी में मदद मिलेगी। किसान अमर बहादुर, समल वर्मा और विनोद कुमार ने बताया कि खेतों में नमी बढ़ने से धान की रोपाई में सहूलियत मिलेगी। ग्रामीण इलाकों के किसानों का कहना है कि अगर ऐसी बारिश कुछ दिन और होती रही तो फसलें अच्छी होंगी।

### जल जीवन मिशन की लापरवाही से हाईवे पर खतरा

**कूरेभार-अयोध्या मार्ग पर पटरियों पर छोड़ी गई लोहे की पाइप, दुर्घटना की आशंका**

सुलतानपुर, कूरेभार चौक से अयोध्या मार्ग पर जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने में गंभीर लापरवाही सामने आई है। हाइवे की पटरियों पर लोहे की पाइप बिना किसी सुरक्षा के छोड़ दी गई हैं। यह वाहनों के लिए खतरा बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पटरियों पर गड्ढों की मौजूदगी में पाइपें और भी खतरनाक साबित हो सकती हैं। स्थानीय निवासी चुन्नू अग्रहरि, विदेशरी प्रसाद और मनोज कुमार ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि पाइपों को तुरंत हटाकर उचित स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# मानसिक अवसाद से पीड़ित युवती ने फांसी लगाई

**प्रयागराज में 29 वर्षीय महिला ने घर में की आत्महत्या, 5 साल से चल रहा था इलाज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, करेली थाना क्षेत्र के नयापुरवा मोहल्ले में एक युवती ने आत्महत्या कर ली। 29 वर्षीय कोमल कुशवाहा ने शनिवार रात अपने घर में फांसी लगा ली।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोमल के पिता रामचंद्र कुशवाहा ने बताया कि उनकी बेटी पिछले पांच वर्षों से मानसिक अवसाद से पीड़ित थी। उसका इलाज लगातार चल रहा था। परिवार उसका पूरा ध्यान रख रहा था। घटना की रात कोमल ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। सुबह जब काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आई, तो परिजनों ने उसे आवाज दी। जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। कोमल फंदे से लटकी मिली। करेली थाने के प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की पूरी सच्चाई सामने आएगी। प्राथमिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कोमल सरल और शांत स्वभाव की थी। वह ज्यादातर घर में ही रहती थी। किसी से अधिक बातचीत नहीं करती थी। मानसिक तनाव के कारण वह अक्सर चुपचाप बैठी रहती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## घायल शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

**प्रयागराज में बाइक से जा रहा था, कार ने मारी टक्कर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां एक सड़क हादसे में घायल हुए शिक्षक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सैयद मोहम्मद जकी के रूप में हुई है, जो यादगार इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जब सैयद मोहम्मद जकी अपनी बाइक से करेला बाग पावर हाउस के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे का एसएसपी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गई।

# 5000 रुपए की चोरी के आरोपी युवक ने दी जान

**प्रयागराज में पुलिस दबिश के बाद फांसी लगाई, परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, करछना थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कैथी गांव निवासी सूरज कुमार भारतीया (27) के रूप में हुई है। सूरज के चाचा लल्लू राम भारतीया और उनके बेटे ने करछना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सूरज ने उनके पांच हजार रुपए चुरा लिए हैं। इसी शिकायत पर शनिवार शाम को करछना पुलिस सूरज के घर पहुंची। वह घर पर नहीं मिला। बाद में जब सूरज को पुलिस की दबिश की जानकारी मिली, तो उसने रात 9 से 10 बजे के बीच फांसी लगा ली। परिजनों का कहना है कि पुलिस के डर से आहत होकर सूरज ने यह कदम उठाया। स्थानीय लोगों ने इतने छोटे मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। करछना थाना प्रभारी अनुप सरोज से इस मामले में संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जन आरोग्य मेला

**तीन पीएचसी केंद्रों पर 311 मरीजों की जांच, मुफ्त दवाएं दी गईं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जन आरोग्य मेले में 311 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में तीन पीएचसी केंद्रों पर मेला लगा। सरेसर पीएचसी में 118 मरीज पहुंचे। रानीगंज पीएचसी में 98 और थौरी पीएचसी में डॉ. मनु विशेन ने 95 मरीजों की जांच की। मरीजों में गर्भवती महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। चिकित्सकों ने मरीजों के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की। साथ ही एनीमिया और गर्भावस्था से जुड़ी जांच भी की गई। सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गईं। मेले में डॉ. रूबी सिंह और डॉ. अंबर हमीद ने मरीजों को देखा। फार्मासिस्ट दिनेश मौर्य, मनोज श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स पूनम कुसुम भी मौजूद रहीं। वार्ड ब्वॉय सहित पूरी मेडिकल टीम ने अपनी सेवाएं दीं। यह मेला ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बनाने का प्रयास था। लोगों को समय पर जांच, परामर्श और मुफ्त दवाएं मिलीं।

# जमीन की खरीद-बिक्री में फजीर्वाड़ा

**पत्नी के आधार से छेड़छाड़ कर दूसरी महिला से कराया बैनामा, प्रतापगढ़ का आरोपी गिरफ्तार**


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, जमीन की खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

पुलिस ने प्रतापगढ़ के बरहुपुर निवासी 41 वर्षीय बृजेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ मनोज सिंह को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद ईशान खान ने कंचन सिंह की जमीन खरीदने के लिए उनके पति बृजेन्द्र सिंह से संपर्क किया। खरीदार ने 4 लाख रुपये देकर तीन साल का इकरारनामा कराया। शेष 6 लाख रुपये के भुगतान के बाद बृजेन्द्र ने अपनी पत्नी के आधार कार्ड में हेराफेरी की। आरोपी ने कंप्यूटर से आधार कार्ड में लगी पत्नी की फोटो को बदलकर दूसरी महिला की फोटो लगा दी। सितंबर 2023 में एक फर्जी महिला को कंचन सिंह बताकर उपनिबंधक कार्यालय ले गया। इस महिला ने घूंघट में रहकर जमीन का बैनामा कर दिया। असली कंचन सिंह ने खरीदार को फोन कर बताया कि उनके पति ने धोखा दिया है। उनकी जगह किसी और महिला से इकरारनामा और बैनामा करा लिया है। जब पीड़ित उपनिबंधक कार्यालय गया तो पता चला कि उसके नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए हैं। जब पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया, तो उसने अभद्र व्यवहार किया और पैसे लौटाने से मना कर दिया। कोतवाली नगर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# जलभराव से लोग परेशान



**शाहगढ़ के टोड़ी का पुरवा में मुख्य मार्ग पर भरा पानी, आवागमन प्रभावित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, शाहगढ़ स्थित देवरा देवकली राजापुर कौहर गांव टोड़ी का पुरवा में बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई है। ज्ञान प्रकाश शुक्ला के घर के सामने का रास्ता पूरी तरह पानी में डूब गया है। यह मार्ग हारीकरन पांडे के घर से होते हुए अमरनाथ यादव और बलराम यादव के घर तक जाता है। लुच्चा यादव, रामदेव यादव, रामकुमार यादव उर्फ भैयेवा, ध्रुव राज तिवारी, हारीकरन पांडे, अमरनाथ यादव, सत्यम पांडे आदि स्थानीय लोगों के अनुसार मार्ग पर जमा पानी से आने-जाने में बहुत दिक्कत हो रही है। टोड़ी राम दुबे के पुरवा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है।

गांव के मुख्य रास्ते पर पानी भर जाने से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है। ग्रामीणों ने पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की मांग की है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर अपनी चिंता जताई है।

# शौचालय निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**अमेठी में महिलाएं जेल भेजी गईं, सार्वजनिक रास्ते पर खुदवा दिया गड्ढा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, गौरीगंज थाना क्षेत्र के पूरे भक्तिन हरदो गांव में सार्वजनिक रास्ते पर शौचालय निर्माण को लेकर विवाद हो गया। राजकुमार और अमरनाथ ने जेसीबी से सार्वजनिक रास्ते पर शौचालय का गड्ढा खुदवा दिया और टीन शेड भी लगवा दिया। पिंकी और लली नाम की महिलाओं ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि यह गांव की आबादी की भूमि का सार्वजनिक रास्ता है। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि विरोध करने वाली महिलाओं के साथ मारपीट की गई और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक महिला और एक-एक पुरुष को थाने ले जाकर धारा 151 के तहत चालान किया। थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडे के अनुसार, एसडीएम कोर्ट से पुरुषों की जमानत हो गई, लेकिन महिलाओं को जेल भेज दिया गया। घटना के दो दिन बाद इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

# निर्माण में लापरवाही, ग्रामीण बेहाल

**तेज बहाव में बहा वैकल्पिक मार्ग, अमेठी-संग्रामपुर संपर्क पूरी तरह ठप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, जनपद के संग्रामपुर क्षेत्र के टिकरिया भौसिंहपुर के पास अमेठी-संग्रामपुर मार्ग पर मालती नदी पर पुल निर्माण का कार्य दो महीनों से जारी है। पुल निर्माण के दौरान आवाजाही बनाए रखने के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा लाखों रुपये की लागत से वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था। शनिवार देर रात यह रास्ता तेज बहाव की चपेट में आकर पूरी तरह बह गया, जिससे अमेठी-संग्रामपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वैकल्पिक मार्ग बह जाने से संग्रामपुर ब्लॉक के सैकड़ों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय और अन्य आवश्यक सेवाओं से कट गया है। इस मार्ग के दूसरी ओर संग्रामपुर में इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, ब्लॉक कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), थाना, पशु अस्पताल और खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित हैं। रविवार सुबह से ही आरआरपीजी कॉलेज, फामेर्सी, बीटेक और इंटर कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं वैकल्पिक मार्ग की तलाश में भटकते नजर आए। माँ कालिकन धाम शक्तिपीठ जाने वाले श्रद्धालुओं को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय युवक शुभम सिंह और शिवा सिंह सहित ग्रामीणों झ शुभम राठौर, कमला पांडेय, रिंकू सिंह, चंदन गुप्ता, धीरज कुमार, राजू गुप्ता, ओम प्रकाश कश्यप, नंद किशोर गुप्ता, चंडी गुप्ता, रेनू, मोनू झ ने आरोप लगाया कि वैकल्पिक मार्ग मानकों के विपरीत केवल मिट्टी डालकर तैयार किया गया था। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सोमवार को माँ कालिकन धाम पर कई जिलों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अमित पाठक ने बताया कि तेज बहाव में मार्ग बह गया है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर पुलिस कर्मियों की कार पलटी

**मथुरा में डिवाइडर से टकराई, हादसे में 4 पुलिसकर्मी घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, यमुनाएक्सप्रे-वे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नोयडा की तरफ से आ रही एक वैगनआर कार तेज रफ्तार होने के चलते डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही इलाका पुलिस और और यमुना एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलियम टीम मौके पर पहुचीं और घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया। नोहझील थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुनाएक्सप्रे-वे के माइल स्टोन 74 के समीप उस समय एक बड़ा हादसा हो गया जब एक वैगनआर कार सवार चार पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हैं। मिली जानकारी अनुसार चारों पुलिस कर्मी सत्यपाल, राहुल, सुरेंद्र निवासी आगरा व गौरव निवासी मथुरा मुजफ्फरनगर के थाना बुढ़ाना में तैनात थे बताया गया कि ये सभी छुट्टी लेकर अपने घर आ रहे थे तभी रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे यमुनाएक्सप्रे-वे पर इनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना को देख हाईवे पर वाहनों के पहिये थम गई और जाम की स्थिति बन गई।

# पसमांदा मुस्लिम महाज की बैठक में उठे अहम मुद्दे

**समाज में भेदभाव खत्म करने और आरक्षण का लाभ को लेकर चर्चा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री एवं मध्य जोन के अध्यक्ष अफजाल अंसारी ने की। इसमें मंडल अध्यक्ष जलील अहमद, जिला अध्यक्ष जफ्फार घोसी समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिला संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों को पसमांदा समाज की समस्याओं पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। संगठन का लक्ष्य पसमांदा समाज को सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। महाज के नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह एक गैर-राजनीतिक संगठन है। इसमें सभी दलों के लोग शामिल हैं।

# नौकरी के बहाने महिला से की छेड़छाड़

**अलीगढ़ में आरोपी वर्षों से कर रहे अभद्रता, एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, देहलीगेट थाने में महिला से नौकरी के नाम पर छेड़छाड़ और अश्लीलता करने का मामला सामने आया है। दबंगा आरोपी सालों से महिला को परेशान कर रहे हैं और नौकरी का झांसा देकर उसके साथ अभद्रता और छेड़छाड़ करते चले आ रहे हैं। पीड़िता ने इस बारे में कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से मिलकर गुहार लगाई। एसएसपी संजीव सुमन के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़िता ने बताया कि 2019 में वह नौकरी ढूंढ़ रही थी। तभी उसकी मुलाकात दीनदयाल वार्ष्णेय से हुई। आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने की बात कही और अपने साथ राकेश शिरोमणि के घर लेकर गया। यहां आरोपी ने नौकरी करने की बात कही। पीड़िता यहां तीन महीने तक नौकरी करती रही, लेकिन आरोपियों ने उसे रुपए नहीं दिए। जब उसने अपना वेतन मांगा तो आरोपी छेड़छाड़ करने लगे और अभद्रता की। आरोपियों ने उसके आधार कार्ड से मोबइल सिम भी निकलवा लिया, जिसे बाद में उसके पति ने बंद कराया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के गैंग के लोग उसके घर आने लगे और अभद्रता करते थे। इनके ग्रुप में अंजुल वर्मा और राजू गुप्ता भी हैं, जिन्होंने उसके साथ अभद्रता की।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी